वर्ष : 18 अंक: 116 | ग्वालियर | बुधवार 28 मई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री

# ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया ताकि कोई सबूत न मांगे-पीएम मोदी

## पाकिस्तान ने आतंकियों के जनाजे में अपने झंडे लहराए

**अहमदाबाद (ए.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद PoK में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की।

तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

PM मोदी 2 दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया ।प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।



### सरदार पटेल की बात मानी होती तो देश में आतंकी हमले न होतेः

आतंकवादियों ने जब PoK पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता, लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई, लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था।

### मेरे पहले कार्यकाल से अब तक हम कोरोना से लड़े, पड़ोसियों से भी लड़े

कल 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंच गए।

### तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगाः

जब हम इकोनॉमी में छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था, क्योंकि हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है।

### आज गुजरात की तरक्की पूरी दुनिया देखती हैः

पीएम ने कहा कि 2035 में जब गुजरात 75 साल का होगा, तो बहुत आगे बढ़ चुका होगा। जब गुजरात महाराष्ट्र से अलग हुआ तो चर्चा होती थी कि अलग होकर गुजरात क्या करेगा। तीनों तरफ समुद्र है। दूसरी तरफ पाकिस्तान है। गुजरात के पास कोई मिनरल्स नहीं, गुजरात तरक्की कैसे करेगा, लेकिन आज गुजरात पूरी दुनिया में जाना जाता है।

### गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कीः

मोदी ने कहा कि गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कर ली है। हमने योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए। हमारे सरकारी मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पहले गुजरात में पर्यटन के बारे में कोई बात नहीं करता था, लेकिन अब विदेशी लोग घूमने के लिए गुजरात आते हैं।

### अभी तो गणेशजी भी विदेशी आ जाते हैंः

2047 में जब भारत की आजादी के 100 साल पूरे हो जाएंगे, तो हम ये तय कर लें कि देश की इकोनॉमी को 4 नंबर से 3 नंबर पर ले जाने के लिए हम किसी विदेशी चीज का उपयोग नहीं करेंगे। हमें गांव-गांव जाकर व्यापारियों को ये शपथ दिलानी होगी कि कितना भी मुनाफा हो, वे विदेशी माल नहीं बचेंगे, लेकिन दुर्भाग्य देखिए, गणेशजी भी विदेशी आ जाते हैं।

## ओवैसी ने PAK आर्मी चीफ को जोकर बतायाः नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं

### फेक फोटो दिखाकर जीत का झूठा दावा किया

**कुवैत (ए)।** AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है।' ओवैसी बोले- पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा, 'अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो कॉल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।'



## कांग्रेस बोली- प्रेम चोपड़ा-परेश रावल जैसे डायलॉग मार रहे मोदी

**नई दिल्ली (ए.)** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को न पकड़ पाने के लिए सरकार पर निशाना साधा। सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि देश को अब तक कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब नहीं मिले, जिनमें से एक है कि पाकिस्तान के साथ किन शर्तों पर सीजफायर समझौता हुआ ।कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार की विध्वंसकारी विदेश नीति के कारण हम अलग-थलग हो गए हैं। हमारी विदेश नीति का नतीजा ये है कि नेपाल-भूटान भी हमारे साथ नहीं खड़े हुए। जबकि संघर्ष के दौरान चीन ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, मोदी सरकार की विदेश नीति का नतीजा ये है कि कुवैत ने पाकिस्तान पर से वीजा पाबंदियां हटा दी हैं। कुवैत, पाकिस्तान से लेबर ट्रीटी साइन करने वाला है। उधर, UAE ने पाकिस्तान को 5 साल की वीजा अनुमति दे दी है। ईरान ने कल खुलकर कहा कि पाकिस्तान आतंक को शरण देता है। जबकि मोदी सरकार के ट्रोल्स ईरान के बारे में भद्दी टिप्पणियां करते हैं।




# वट सावित्री पर्व पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड के निर्देशानुसार वट सावित्री एवं सोमवती अमावस्या के अवसर पर संपूर्ण जिले में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं द्वारा पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आमजन को अवगत कराते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में सामान्य जीवन एवं धर्म संस्कृति को पर्यावरण से जोड़ा गया है। चाहे उपयोगी वृक्ष हो या विषैला पौधा सभी को किसी न किसी प्रकार से महत्वपूर्ण मानते हुए उसका संरक्षण किया गया है। जैसे जहां एक ओर बरगद के वृक्ष को वट सावित्री जैसे व्रत के अखंड सुहाग से जोड़ा गया है वहीं दूसरी ओर धतूरा एवं अकौआ जैसे विषैले पौधों को भगवान शिव के पूजन के रूप में मान्यता देते हुए संरक्षित किया गया है। जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है और इसीलिए हमें पेड़ और पर्यावरण को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों द्वारा हमारे ऋषि मुनियों के द्वारा समय-समय पर समाज को जागृत किया गया एवं इसका धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व को भी प्रतिपादित किया गया। वृक्षों का पूजन कर वृक्ष की महत्व को बताते हुए कहा कि पीपल ,वट ऐसे अक्षय वृक्ष हैं जिनसे हमें जीवन दायनी, प्राण वायु प्राप्त होती है एवं पर्यावरण की शुद्धता एवं वर्षा के लिए वृक्षो का बहुत महत्व है जहां वृक्ष है वहां जल है जहां जल है वहा जीवन है। इसी क्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निमोदामठ, मठेपुरा, जावदेश्वर, श्योपुर युवक मंडल, नवांकुर संस्था माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति पार्वती बडौदा द्वारा ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# मौके पर कराई पेंशन स्वीकृत, सचिव को निलंबित करने के निर्देश, निराश्रित बच्चों के पास मकान नही, कलेक्टर ने आवास की सूची में जुड्वाया नाम

## व्हीलचेयर, वैसाखी और पीएम किसान सम्मान निधि का मिला लाभ, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण करते हुए मौके पर ही विधवा महिला को कल्याणी पेंशन स्वीकृत कराई गई, इसके साथ ही अभी तक पेंशन का लाभ नही दिये जाने पर संबंधित ग्राम पंचायत काशीपुर के पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश सीईओ जनपद श्योपुर को दिये। इसी प्रकार आवास की मांग लेकर पहुंचे निराश्रित बच्चों में से बडी बहन का नाम तत्काल ही आवास की सर्वे सूची में नाम जोडने की कार्यवाही की गई। जनसुनवाई में जरूरतमंद आवेदको को व्हीलचेयर एवं वैसाखी का लाभ भी प्रदान किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम काशीपुर निवासी श्रीमती भंवरी बाई माहौर को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से कल्याणी पेंशन स्वीकृत की गई, जिससे अगले माह से बुजुर्ग विधवा महिला को 600 रूपये की मासिक पेंशन का लाभ मिलने लगेगा। इस मामले में पंचायत स्तर पर पेंशन स्वीकृत नही किये जाने तथा पूर्व में दिये गये निर्देशो की अवहेलना के चलते काशीपुर पंचायत के सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि पूर्व से निर्देश जारी किये गये है कि पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान आवास की मांग लेकर आये निराश्रित बच्चों गोली मीणा और रामपूर्ति मीणा के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आवास की सर्वे सूची में नाम जोडने की कार्यवाही की गई। आवास की मांग पर निराश्रित बच्चों की बडी बहन रामपूर्ति मीणा का नाम तत्काल ही आवास की सर्वे सूची में जोडा गया, जिससे आगामी समय में आवास स्वीकृत होकर राशि प्राप्त हो जायेगी और शासन की योजना के तहत निराश्रित बच्चों को रहने के लिए पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि बच्चों ने बताया कि उनके पिता स्व. श्री शंकरलाल निवासी रामगावडी का देहांत हो चुका है तथा उनकी मॉ का निधन भी कुछ दिनो पूर्व हो गया। वर्तमान में वे अपने रिश्तेदारो के यहां रह रहे है, हालाकि स्पोन्सरशिप योजना के तहत दोनो बच्चों को 4-4 हजार रूपये की राशि प्रतिमाह प्राप्त हो रही है, लेकिन खुद का मकान नही होने से वे आवास की मांग लेकर जनसुनवाई में आये है। इस मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सहृयता एवं संवेदनशीलता दिखाते हुए बडी बहन का नाम आवास सूची में जुडवाया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम महाराजपुरा निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग श्री बृजमोहन आदिवासी को सामाजिक न्याय विभाग एवं डीडीआरसी के माध्यम से व्हीलचेयर तथा दिव्यांग श्री शिशुपाल आदिवासी निवासी टिकटोली को वैसाखी प्रदान की गई। दिव्यांग पेंशन का लाभ पूर्व से ही प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही श्री मनीराम आदिवासी निवासी बमनवास का रजिस्ट्रेशन पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत कराने की कार्यवाही की गई। जिससे आदिवासी कृषक को अब पीएम किसान सम्मान निधि तथा सीएम किसान कल्याण योजना अंतर्गत सालभर में 12 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ग्राम रूपनगर किलगावडी निवासी श्रीमती मौसमी बाई के आवेदन पर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का प्रकरण तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। महिला ने बताया कि उसके पति स्व. श्री हरजीत मीणा की खेत में पानी देते समय ट्यूबवैल के तार में करंट आने से मृत्यु हो गई थी। इस मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा उक्त योजना के तहत प्रकरण तैयार करने तथा अनुग्रह सहायता राशि का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्रीमती कविता सेन निवासी मानपुर के आवेदन पर उसकी तीन वर्षीय पुत्री रजनी का उपचार आरबीएसके योजना के तहत निशुल्क कराये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। महिला ने बताया कि उसकी पुत्री जन्म से सुन नही पाती है।

# मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की, प्राकृतिक खेती, सड़क सुरक्षा के संबंध में दिए निर्देश




**श्योपुर ब्यूरो।** मध्य प्रदेश शासन भोपाल के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने व्हीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में 29 मई 2025 से चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान को 12 जून 2025 तक प्रदेश के प्रत्येक जिले में चलाकर कृषकों को अधिक से अधिक जानकारी देकर उन्नत कृषि के संबध में प्रोत्साहित किया जाना है। जिससे कृषक अधिक से अधिक उन्नत कृषि कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी जाए और इस संबंध में प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री जैन ने जिले में कानून व्यवस्था को लेकर वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही, बीमा सड़क सुरक्षा, अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भडारण पर कार्यवाही तथा वाहन से होने वाले प्रदूषण के विरूद्ध कार्यवाही के संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि स्कूल बसों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, हर महीने सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की जाए। हिट एंड रन मामलों में सहायता राशि की स्वीकृति लंबित न रहे, इसे प्राथमिकता से निराकृत किया जायें। उन्होंने बैठक के माध्यम से सभी अधिकारियों को राजस्व संबधी भू-अर्जन अधिनियम 2013 के संबध में चर्चा करते हुए राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र निराकरण करने में दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि अब फाइलों का आदान-प्रदान केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही हो। इसके साथ ही मानसून से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन, डीएफओ श्री केएस रंधा, महिला बाल विकास अधिकारी श्री रिशु सुमन, उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया आदि उपस्थित थे।

# गोरस में स्वच्छता व जल संरक्षण पर शपथ का आयोजन



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में जन अभियान परिषद द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम गोरस में सीप नदी के तट पर स्वच्छता श्रमदान आयोजित करते हुए जन भागीदारी से नदी की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह के नेतृत्व में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निमोदमठ एवं श्री सदगुरु शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रम में सीप नदी पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली गई। ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि नदी, बरसाती नालों, कुओं आदि जल संरचनाओं को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोरस सरपंच श्री रणवीर आदिवासी, पंचायत इंस्पेक्टर श्री संदीप सिंह धाकड़, सचिव श्री केदार यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति सरस्वती आदिवासी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति कमलेश बाई आदिवासी, श्री कल्याण सिंह मारू, श्री सुनील, श्री ब्रजराज, श्री श्यामलाल, श्री जगदीश, श्री ऊदल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# महिला थाना प्रभारी ने समर कैम्प पहुंच बढाया बच्चों का हौसला

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में गत 5 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 6 से 8 बजे तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॉलेज ग्राउंड एवं बायपास पार्क पर फुटबाल, कराते, खो-खो, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, कबड्डी खेलो में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला थाना प्रभारी श्रीमती यासमीन खान ने आज समर कैम्प पहुंचकर बच्चों का न केवल हौसला बढाया, बल्कि खेल गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह चौहान मौजूद रहें।



# पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांगरुम का निरीक्षण, स्थानीय निर्वाचन अंतर्गत ईव्हीएम मशीनों का भौतिक सत्यापन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्थानीय निर्वाचन की ईव्हीएम मशीनों का पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांगरूम में भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्री संजय जैन, एसडीओपी श्री राजीव गुप्ता, तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया, ईई आरईएस श्री पीआर इटोरिया, पीआईयू श्री अनिल पटेल, श्री शिववीर सिंह परिहार आदि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थित स्ट्रांगरूम में स्थानीय निर्वाचन अंतर्गत उपयोग की गई मशीनों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जरूरत के अनुसार डिमांड भेजने के निर्देश दिये गये। डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन ने जानकारी दी कि स्थानीय निर्वाचन में उपयोग की गई मशीनों को दो कक्षो में सुरक्षित रखा गया है। इसमें कन्ट्रोल यूनिट की संख्या 925 तथा बैलेट यूनिट की संख्या 2845 है। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी निकाय एवं पंचायत चुनाव पूरी तरह से पेपरलेस कराये जाने के लिए तैयारियां की जा रही है, जिसके तहत निकाय एवं पंचायत निर्वाचन ईव्हीएम मशीनो से कराया जाना है।

# विद्युत विभाग ने चलाया वसूली अभियान



**जौरा।** विद्युत विभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए वसूली अभियान जारी रहा जिन उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिलों की राशि जमा नहीं की जा रही उनके कनेक्शन भी काटे गए शाम तक 264000 की वसूली की गई 27 म ई को वसूली अभियान के दौरान सहायक यंत्री पी एस यादव एवं कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा के निर्देशन में वसूली टीम मनोज जाटव ब्रजमोहन धाकड़ भारत मीणा अमरकांत शर्मा घनश्याम सिकरवार हरिओम कुशवाहा अलीमुद्दीन खान एहसान खान ऋषिकेश कुशवाहा आज की टीम ने तहसील चौराहा डाकखाना रोड सुभाष रोड एमएस रोड पुराना जोरा सहित अन्य गली मोहल्ले में सघन वसूली अभियान चलाया गया कई माह से विद्युत बिलों की राशि जमा नहीं करने वाले 27 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए शाम तक वसूली टीम को 264000 बकायदार उपभोक्ताओं ने जमा कराई गई इसी दौरान सहायक यंत्री पी एस यादव एवं कनिष्ठ मंत्री मुकेश मिश्रा द्वारा ऑफीसर कॉलोनी सुभाष रोड बनियापाड़ा श्री कृष्ण मंदिर रोड तमोली गली हनुमान चौराहा डाकखाना रोड सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर एवं खाबो पर लोड भी चेक किया क्योंकि पिछले चार-पांच दिनों से उक्त गली मोहल्ले में फेस बार-बार जाने की शिकायत उपभोक्ता द्वारा की जा रही थी जिसके चलते अधिकारियों द्वारा विद्युत कर्मचारियों को लेकर प्रत्येक खंबे पर एवं डीपी पर जाकर लोड भी चेक किया।

# युवा संगम रोजगार, अप्रेन्टिस एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन आज

**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन भिण्ड एवं जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड, आई.टी.आई. भिण्ड तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भिण्ड के द्वारा युवा संगम (रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला तथा स्वरोजगार मेला) का आयोजन 28 मई 2025 को समय प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज केन्द्रीय विद्यालय के पास लहार रोड़ भिण्ड में आयोजित किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी भिण्ड ने बताया कि रोजगार मेला में पुखराज हेल्थ केयर ग्वालियर, शिव शक्ति बायोटेक गुजरात, एल.आई.सी. भिण्ड, चेक मेट सिक्योरिटी बडौदरा, इलेक्टो मच प्रा.लि.भलूच हरियाणा, नौकरी फाई डाट कॉम भिण्ड, जी-एसएसआईएफएमएस प्रा.लि. जामनगर, एक्सिस बैंक गुडगांव, सावरिया वायो फर्टिलाइजर्स एण्ड कैमिकल्स के द्वारा शिक्षित आवेदकों की भर्ती की जावेगी। बेरोजगार युवक/युवतियां मेले में शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पुरूष एवं महिला आयु 18 से 35 वर्ष तक अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। आवेदक साक्षात्कार के समय 10वीं/12वीं एवं स्नातक की मूल अंकसूची एवं अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र सहित एवं पासपोर्ट साइज के तीन फोटोग्राफ लेकर आवें। प्लेसमेंट ड्राइव में उपस्थित होने वाले युवकों को कार्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# अखिल भारतीय मुशायरा 31 मई को

**श्योपुर ब्यूरो।** नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में संचालित मेला श्री हजारेश्वर महादेव के दौरान मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन 31 मई को रात्रि 9 बजे से किया जा रहा है। सीएमओ श्री राधेरमण यादव ने बताया कि अखिल भारतीय मुशायरे में देश के प्रसिद्ध शायर शकील आजमी, मेहशर आफरीदी, अबरार काशिफ, निकहत अमरोही, मीसम गोपालपुरी, अज्म शाकिरी, खुर्शीद हेदर, मुमताज नसीम, वसीम राजूपुरी, सज्जाद झंझट एवं रफीक कुरैशी शिरकत करेगे। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग ने नागरिको से उक्त आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भिण्ड के द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों के स्वरोजगार हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

**भिण्ड ब्यूरो।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भिण्ड द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों हेतु 30 दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, सिलाई एवं ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण एवं अन्य 64 प्रकार के प्रशिक्षण शीघ्र प्रारम्भ किये जा रहे है। इस हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 02 जून 2025 निंधारित है। कृपया अतिशीघ्र पंजीयन करवाएं एवं प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त करें। जिससे बेरोजगार युवक-युवतियों द्वारा प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित होकर पूर्णतरू निःशुल्क है। प्रशिक्षण हेतु आयु सीमा 18 से 45 वर्ष (छात्र एवं छात्राओं को छोड़कर) एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत बीपीएल कार्डधारक ध्स्व सहायता समूह परिवार के सदस्य ध् मनरेगा जॉबकार्ड धारी शिक्षित युवक-युवतियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां जो कि उपरोक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि वह प्रशिक्षण हेतु निःशुल्क पंजीयन के लिए शीघ्र अतिशीघ्र कार्यालय सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बस स्टेण्ड के सामने, जिला पशु चिकित्सालय परिसर, भिण्ड में सम्पर्क करें।

# एसडीएम लहार ने किया पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित सहायक पशु चिकित्सा एवं दो भृत्यों का वेतन राजसात करने दिए निर्देश



**भिण्ड ब्यूरो।** एसडीएम लहार श्री विजय सिंह यादव ने लहार पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम लहार श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। जिसमें पशु चिकित्सालय में पदस्थ भृत्य अंकित कुशवाहा कई दिनों से अनुपस्थित पाए गए। जिनकी सही तरीके से रजिस्टर में अनुपस्थित भी नहीं लगाई गई थी। साथ ही भृत्य प्रमोद दोहरे भी बीमारी का बहाना बनाकर पिछले चार दिनों से गायब थे, जिनका कोई चिकित्सीय आवेदन कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रवीण गुप्ता पिछले चार दिनों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम लहार ने उक्त ऑफिसर की फोन पर जानकारी ली तो वह घर पर पाये गये। उक्त सभी कर्मचारियों की एसडीएम लहार ने हाजिरी रजिस्टर में अनुपस्थिति लगाते हुए मई माह का अनुपस्थित दिवसों का वेतन राजसात करने के निर्देश डॉ शर्मा को दिए। एसडीएम लहार श्री यादव ने चिकित्सालय कक्षों का निरीक्षण किया जहां फाइलें, पुराने कागज इत्यादि की गंदगी पाई गई, जिन्हें व्यवस्थित वस्तों में बांधकर रखवाने के निर्देश दिए। एसडीएम लहार श्री विजय यादव ने पशु चिकित्सालय पर आए ग्रामीण नागरिकों से बात की एवं पशुओं को दी जाने वाली चिकित्सा एवं लाभ के बारे में बताया। साथ ही आमजनों की जागरूकता के लिए बताया कि किसी भी कृषक या अन्य पशु पालक के यहां यदि कोई पशु बीमार होता है तो वह 1962 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं, जिससे पशु एंबुलेंस उनके घर पहुंचकर मात्र डेढ़ सौ रुपये की फीस पर उनके पशुओं का संपूर्ण इलाज करेगी। एसडीएम लहार ने बताया कि यह शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण नागरिक सुविधा है इसके बारे में नागरिकों को जानकारी होना आवश्यक है ताकि जिन पशुपालकों का जीवन यापन पशुओं पर निर्भर है वह उसे और बेहतर कर सकें। उक्त सुविधा 1962 हेल्पलाइन से संबंधित बैनर लगाने के निर्देश भी एसडीएम ने पशु चिकित्सक डॉक्टर शर्मा को दिए।

# जिला मुख्यालय पर संयुक्त कलेक्टर ने की जनसुनवाई

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 82 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभाग अधिकारी सहित शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋष्टा, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए।

# भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के जयंती के 300 वर्ष को जनकल्याण पर्व के रूप में मनाये जाने के क्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के विराट व्यक्तित्व कृतित्व पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ओमा घेंघट, द्वितीय स्थान मोना जैन, तृतीय स्थान शिवानी वाल्मीकि एवं प्रोत्साहन पुरस्कार सुनील शिवहरे ने प्राप्त किया। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमित दोहरे द्वितीय स्थान शिवानी वाल्मीकि को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ ओपी शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहें।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जाएगा

## अभियान अन्तर्गत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, नवीनध्उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा नवाचारों की स्थानीय स्तर पर दी जाएगी जानकारी, 29 मई को भिण्ड, अटेर एवं मेहगांव विकासखण्डों में किसानों को दी जाएगी जानकारी

**भिण्ड ब्यूरो।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन दिनांक 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक किया जाना है। उक्त अभियान अन्तर्गत केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गयी नवीनध्उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा दिया जाना है। इस हेतु जिलास्तर पर कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्बन्धित विभागों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की गयी एवं जिलास्तर पर अभियान हेतु टीमों का चयन, स्थान का चयन, दिनांकवार मार्ग का चयन किया जाकर जिले में कार्यक्रम का रूटचार्ट एवं समय सारणी तैयार कर ली गयी है। जिसमें दिनांक 29 मई 2025 को अभियान का शुभारंभध्उद्घाटन कार्यक्रम को गरिमामयी एवं प्रभावशाली बनाने हेतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान में जिले के अंतर्गत दिनांक 29 मई 2025 को भिण्ड, अटेर एवं मेहगांव विकासखण्डों के तीन-तीन ग्रामों में टीम पहुंचकर किसानों को जानकारी देगी। इसके साथ ही दिनांक 30 मई 2025 को रौन, लहार एवं गोहद विकासखण्डों में इसी क्रम में अभियान संचालित होगा।

# बरसात से पहले पूरा कराएँ एलीवेटेड रोड का फूलबाग से नदी गेट तक का कार्य : सांसद श्री कुशवाह

## सांसद श्री कुशवाह ने किया एलीवेटेड रोड के द्वितीय चरण के कार्य का निरीक्षण



**ग्वालियर।** शहर में निर्माणाधीन एलीवेटेड रोड (फ्लाई ओवर) के द्वितीय चरण के कार्य का सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि फूलबाग से लेकर नदीगेट तक का कार्य बरसात से पहले पूर्ण करने के प्रयास किए जाएं, जिससे स्वर्ण रेखा में बरसात के पानी के बहाव से कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने पुराने एबी रोड से आने वाले यातायात को एलीवेटेड रोड का लाभ मिले, इसकी रूपरेखा बनाने के लिये भी सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री से कहा। निरीक्षण के दौरान सांसद श्री कुशवाह महारानी लक्ष्मीबाई समाधि, फूलबाग, नदी गेट, छप्परवाला पुल, जीवाजीगंज, कमानी पुल, ढोली बुआ पुल, तारागंज व हनुमान बांध क्षेत्र में पहुँचे। एलीवेटेड फ्लाई ओवर द्वितीय चरण का निर्माण लगभग 926.21 करोड़ रूपए की लागत से महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा से गिरवाई पुलिस चौकी ए.बी. रोड़ तक किया जा रहा है। मुख्य कॉरीडोर की लंबाई 7.42 कि.मी. एवं चढ़ने और उतरने के लिए 13 रेम्पों की लंबाई 4.99 कि.मी. है। इस प्रकार द्वितीय चरण की कुल लंबाई 12.41 कि.मी. है। वर्तमान में गिरवाई चौकी से तारागंज तक कार्य प्रगतिरत है। नदी गेट पर भी फाउण्डेशन का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य नवम्बर 2027 तक अनुबंध के अनुसार पूर्ण किया जा रहा है। सासंद श्री कुशवाह ने कार्यपालन यंत्री सेतु निर्माण को निर्देश दिए गए कि कम से कम लोगों के मकानों को क्षति पहुंचाते हुए एलीवेटेड रोड़ का निर्माण कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन की कार्यवाही राजस्व विभाग से समन्वय कर जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाए, जिससे की कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। कार्यपालन यंत्री सेतु लोक निर्माण श्री जोगिंदर सिंह यादव ने बताया कि नगर पालिक निगम से स्ट्रीट लाईट हटाने, डिवाईडर हटाने, बस स्टॉप, गेन्टरी बोर्ड हटाने एवं प्रेस क्लब की बाउन्ड्री वॉल, मानस भवन की बाउन्ड्री वॉल हटाने की अनुमति प्राप्त कर ली गई है। द्वितीय चरण के कार्य में कुछ निजी भूमि का भी भू-अर्जन किया जाना है, जिसके लिए विभाग द्वारा भू-अर्जन की राशि जमा कर दी गई है। साथ ही प्रकरण आर.सी. एम.एस. पोर्टल के माध्यम से प्रेषित कर दिया गया है।

# वन अधिकार समिति के सदस्य अपने अधिकारों को अच्छे से समझें और उसका क्रियान्वयन करें : प्रभारी संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर श्रीमती चौहान

## ग्वालियर-चंबल संभाग की जिला स्तरीय वनाधिकार समितियों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**ग्वालियर।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दो दिवसीय ग्वालियर-चंबल संभाग की जिला स्तरीय वनाधिकार समितियों की कार्यशाला बाल भवन के सभागार में मंगलवार को प्रारंभ हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान उपस्थित हुईं। उन्होंने जिला स्तरीय वन अधिकार समितियों के सदस्यों से कहा है कि वन अधिकार अधिनियम के बारे में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और अपने अधिकारों को पहचानें। बाल भवन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्य के साथ ही सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री राकेश गुप्ता, संयुक्त आयुक्त श्री के के पबिया, संयुक्त आयुक्त श्री डोडियार के साथ ही मास्टर ट्रेनर श्री प्रखर जैन, श्री कमल किशोर, श्री संदीप एवं संभागीय उपायुक्त जनाजाति कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास ग्वालियर श्री खेड़कर उपस्थित थे। प्रभारी संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम की जानकारी गाँव में रहने वाले नागरिकों को मिले, इसके लिये ग्राम सभा के मुख्य एजेंडे में वन अधिकार अधिनियम को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि प्रशिक्षण के दौरान वनाधिकार अधिनियम के संबंध में अच्छे से जानकारी प्राप्त करें और प्राप्त जानकारी से अपने क्षेत्र के नागरिकों को भी अवगत कराएं। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी अगर कोई प्रश्न है तो उसको अवश्य पूछें ताकि उन्हें सही जानकारी मिल सके। कार्यशाला के प्रारंभ में संयुक्त आयुक्त जनजाति कार्य विभाग भोपाल श्री के के पबिया ने कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग के माध्यम से प्रदेश के हर संभाग में इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन कर वनाधिकार अधिनियम के संबंध में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। अगले चरण में जिला स्तर पर और ब्लॉक स्तर पर भी प्रशिक्षण आयोजित किए जायेंगे। प्रशिक्षण में आए मास्टर ट्रेनरों ने भी वनाधिकार अधिनियम 2006, वनाधिकार की मान्यता नियम 2008 और संशोधित नियम 2012 के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 164 लोगों की हुई सुनवाई

## निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएं भी वितरित की गईं



**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 164 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। एडीएम श्री टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया एवं एसडीएम मुरार श्री नरेशचंद गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में आए जरूरतमंद लोगों को निऱ्शुल्क होम्योपैथिक दवाएं भी वितरित की गईं। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 164 आवेदनों में से 63 दर्ज किए गए। शेष 101 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निऱ्शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया।

**जन-सुनवाई में आए लोगों को निऱ्शुल्क दवाएँ वितरित की गई**

कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में आए जरूरतमंद लोगों का होम्योपैथिक चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही निऱ्शुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराईं। जन-सुनवाई सभाकक्ष के बाहर इसके लिये एक अलग से काउंटर लगाया गया था।

# उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए एमएसएमई विभाग आयोजित करेगा कार्यशाला

**मुरैना,कांस।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) की मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम द्वारा मुरैना में 28 मई बुधवार को दोपहर 3 बजे से गोल्डन सिनेमा रेस्टोरेंट एमएस रोड़ मुरैना के हॉल में उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक श्री बृजलाल मरकाम ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए आरएएमपी नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में एलईएएन मैनेजमेंट, जेडईडी सर्टिफिकेशन, एमएसएमई पॉलिसी, स्टार्ट अप पॉलिसी एवं आईपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है। जिससे कि वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुँचा सकते हैं। लघु उद्योग भारती मुरैना के सहयोग से यह कार्यशाला मुरैना में आयोजित की जा रही है, जिसमें अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता का अनुरोध किया गया है।

# चम्बल भवन में जनसुनवाई में 08 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना,कांस।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री के निर्देशन में उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री अशोक निम ने 27 मई, मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 08 आवेदकों की समस्याओं को सुना। ये शिकायतें विशेषकर राजस्व, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा, अतिक्रमण से संबंधित पाई गई थीं।

# निगमायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** निगमायुक्त श्री संघप्रिय ने आज मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए आम जनों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया तथा संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित सभी विभागाधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय पर जनसुनवाई में वार्ड 01, 20 सूत्रीय नगर जनकताल बहोडापुर निवासी श्रीमती संगीता शर्मा ने आवेदन देते हुए बताया कि जनक ताल के पास रामअवतार कुशवाह द्वारा अवैध भैंस डेयरी का संचालन किया जा रहा है तथा गोबर नालियों में बहाने से सीवर चोक हो जाती है एवं बीमारियां फैलती हैं, आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 52 सिंधी कॉलोनी के निवासीगणो ने आवेदन देते हुए बताया कि गुडा मार्ग, मुनीर शाह की दरगाह के पास एवं एसएएफ पेट्रोल पम्प के पास अवैध अतिक्रमण होने के कारण निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 29 महलगांव नई बस्ती रॉयल एन्क्लेव के निवासी गणों ने आवेदन देते हुए बताया कि उनका आम रास्ते को बंद करने से आवागमन की परेशानी को देखते हुए रास्ते को खुलवाये जोन के संबंध में, वार्ड 19 अमलतास कॉलोनी गोले का मंदिर निवासी श्रीमती विश्रुता शर्मा ने आवेदन देते हुए बताया कि अमलतास कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर अनाधिकृत लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई झुग्गी झोंपडी को हटाये जाने के संबंध सहित अनेक शिकायत कर्ताओं ने अपने आवेदन निगमायुक्त को दिये। जिस पर निगमायुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नामांकन, सडक, पेयजल, अतिक्रमण, सीवर, सफाई सहित अन्य बिंदुओं को लेकर नागरिकों द्वारा लगभग 34 आवेदन जनसुनवाई में लगाए गए, जिनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# फूलबाग से किला गेट रोड को किया साफ, आमजन को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**ग्वालियर।** ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत फूलबाग से किला गेट तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत म्यूज फाउंडेशन एवं डिवाइन संस्था द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत फूलबाग से किला गेट तक रोड पर सभी दुकानदारों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा ना जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया तथा अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। निगम अमले ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ ही वहाँ उपस्थित जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सुबह 7 बजे से दिनांक 28 मई को हुरावली नदी एवं आईटीआई कॉलेज से नारायण बिहार संजय नगर पुल आईआईटीटीएम से होते हुए पुरानी छावनी तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# सीवर लाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही बरतने पर मैसर्स जैन एण्ड राय कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 50 हजार रूपये का किया जुर्माना अधिरोपित

**ग्वालियर।** वार्ड क्र. 38 बंडापुल बिजली घर रोड से ए.बी. रोड गोल पहाड़िया तक नवीन सीवर लाइन बिछाने के कार्य लापरवाही से करने के कारण पानी की लाइन छतिग्रस्त तथा आवागमन अवरोध होने पर मैसर्स जैन एण्ड राय कंस्ट्रक्शन कंपनी प्लाट नं. 93. पलेट नं. 101 सांई बाबा मंदिर के पास खेड़ापति कॉलोनी ग्वालियर पर 50000 रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर नोटिस जारी किया गया। जलप्रदाय संधारण उपखंड पश्चिम क्षेत्र क्रमांक 01 सहायक यंत्री श्री केसी अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार क्षेत्रीय उपयंत्री के साथ स्थल भ्रमण किया तथा स्थल पर पाया गया कि मैसर्स जैन एण्ड राय कस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 15 वे वित्त आयोग से बंडापुल बिजली घर रोड से ए.वी. रोड गोल पहाड़िया तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जो कि कार्य की गति अत्यंत धीमी होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड रहा है। साथ ही कार्य करते समय जलप्रदाय लाइन क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ क्षेत्रवासियों के कनेक्शन भी क्षतिग्रस्त हो गए है। जिसका संधारण कार्य भी आपके द्वारा समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। जिस कारण से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा भी नाराजगी व्यक्त करने के साथ-साथ क्षेत्रवासियों द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत की जा रही है, साथ ही आपके द्वारा जो भी सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया। उसका रोड रेस्ट्रोरेशन का कार्य भी नहीं किया गया है। जिस कारण से जनहानि (दुर्घटना) होने की संभावना हो गई है। जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है। अतः विभाग की छवि धूमिल होने के कारण एवं आपके द्वारा कार्य समय सीमा में सुचारू रूप से न करने के कारण आपके देयक से राशि 50,000 रूपये की पेनल्टी अधिरोपित कर कटोत्रा किया जावेगा। साथ ही आपको निर्देशित किया जाता है। कि आप रोड रेस्ट्रोरेशन कार्य के साथ 15 दिवस में शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें यदि आपके द्वारा 15 दिवस में कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो निविदा की शर्तानुसार उक्त कार्य किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से कराया जावेगा। जिसका भुगतान आपके देयक से किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी रहेगी।

# खुशियों की दास्तां

## (महिला सशक्तिकरण), नीली कमाई से फिरे एलिजाबेथ के परिवार के दिन...

**ग्वालियर।** कभी चौका-चूल्हे और मजदूरी तक सीमित रहीं साधारण ग्रहणी एलिजाबेथ अब गाँव की अन्य महिलाओं के लिये आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। नीली कमाई (मत्स्य पालन) से उनके परिवार के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने उन्हें बड़ा सहारा दिया है। यह सच्ची कहानी है ग्वालियर जिले के घाटीगाँव विकासखंड के ग्राम दौरार निवासी श्रीमती एलिजाबेथ की । एलिजाबेथ अपने सास-ससुर, पति एवं दो बच्चों के साथ गाँव में रहती हैं। वे बताती हैं कि पहले साधारण मजदूरी से घर का गुजारा चलता था। घर के सभी लोगों के लिये भोजन पकाते-पकाते हम थक जाते थे पर मजबूरन काम पर जाना पड़ता था। पर अब हमारे परिवार के दिन फिर गए हैं। एलिजाबेथ बताती हैं कि सरकार द्वारा लगभग पाँच साल पहले स्व-सहायता समूह के माध्यम से मुझे लगभग 2.759 हैक्टेयर के तालाब का पट्टा मत्स्य पालन के लिये दिया गया था। साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत अनुदान पर आइस बॉक्स के साथ एक मोटर साइकिल भी मिली है। इस मोटर साइकिल पर अपने पति के साथ बैठकर हम आसपास के गाँवों में मछली व मत्स्य बीज बेचने जाते हैं। गाँव में कम कीमत पर मछली बिकने के बाबजूद मुझे औसतन ढ़ाई लाख रूपए की आमदनी हर साल हो जाती है। एलिजाबेथ नियमित रूप से अपनी ग्राम पंचायत के खाते में तालाब के पट्टे की शुल्क राशि 828 रूपए हर साल जमा करती हैं। अपने व्यवसाय में आने वाली छोटी-मोटी कठिनाई को एलिजाबेथ तब भूल जाती हैं जब मछली बेचने के बाद हुई नीली कमाई से अपने बच्चों के लिये टॉफियां खरीदकर मोटर साइकिल से फर्राटा भरते हुए घर पहुँचती हैं। एलिजाबेथ अपनी खुशी का इज़हार करते हुए कहती हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगभग हर योजना में महिला सशक्तिकरण को केन्द्र में रखा है। जाहिर है हम जैसी जरूरतमंद महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| **श्रेणीः** पी.एम.बी.जे.के | **केटलोग संख्याः** PMBJK-VGLJ-1-25 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्सः** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधिक केंद्र (पी.एम.बी.जे.के) का तीन वर्षों के लिए रखरखाव एवं संचालन।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक 06.06.2025 समय 10.30 बजे।

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक 06.06.2025 समय 11.00 बजे।

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट के अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **912/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** बरसात से पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई करायें, साथ ही सभी को प्रतिदिन पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए कार्य योजना बनाकर पेयजल सप्लाई करें तथा वार्डों में भ्रमण कर जर्जर भवनों को चिन्हित कर नोटिस जारी करें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, नोडल पीआईयू श्री पवन सिंघल सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया इस बार मई माह की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। जिससे अच्छी रेटिंग मिल सके। समीक्षा के दौरान समग्र ई केवायसी एवं सम्पत्तियों के जीआईएस सर्वे में प्रोग्रेस नहीं मिलने पर काफी नाराजगी व्यक्त की तथा ई केवायसी एवं जीआईएस सर्वे के कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जो भी सफाई कर्मी बिना सूचना के अनुपस्थित रहता है तो उसको नोटिस जारी करें तथा सार्थक एप पर सभी कर्मचारी अपनी उपस्थित दर्ज करें। बैठक में गारंटी पीरियड की सड़कों के रेस्टोरेशन कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात से पूर्व पेच रिपेयरिंग में तेजी लाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए तथा बरसात में कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने इसके लिए अभी से तैयारी करें। अधिक से अधिक सम्पत्तिकर जमा हो इसके लिए प्रत्येक शनिवार को संबंधित अधिकारी बडी-बडी सम्पत्तियों का निरीक्षण करें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# स्टेशन बजरिया से हटाया अस्थाई अतिक्रमण, वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई तथा अतिक्रमण कर्ताओं को चेतावनी दी कि वह पुन अतिक्रमण न करें। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान एवं मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान के निर्देशन में पूर्व विधानसभा अंतर्गत स्टेशन बजरिया से बस स्टैंड तक मुख्य मार्गो पर फुटपाथ घेरकर गुमटी हाथ ठेले लगा कर आस्थाई अतिक्रमण किया गया था। जिसको कार्यवाही कर हटवाया गया, साथ ही दुकानों के बाहर रखे स्टैंड बोर्ड, टेबल कुर्सियां आदि सामान जप्त किया गया एवं अतिक्रमण कारियों पर कार्यवाही कर 4200 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही फूलबाग स्थित चिड़ियाघर के सामने शौचालय के गेट पर कुछ लोगो द्वारा खिलौने के स्टैंड लगा कर अतिक्रमण किया गया था। जिसको कार्यवाही कर हटवाया गया साथ ही स्टैंड आदि सामान जप्त करने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मदाखलत श्री निरीक्षक विशाल जाटव एवं मदाखलत अमले द्वारा की गई।

# प्लास्टिक पार्क बिलौआ के बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की बाधा दूर हुई, संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर कराया सीमांकन

## अधोसंरचनागत कार्यों के पूर्ण होने से औद्योगिक इकाईयों की संभावनायें तेज हुईं

**ग्वालियर।** प्लास्टिक पार्क की वाउण्ड्रीवॉल के निर्माण में आ रही बाधा दूर हो रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर एसडीएम डबरा श्री दिव्यांशु चौधरी के नेतृत्व में गई राजस्व व पुलिस की टीम ने सीमांकन कराकर इस समस्या का निदान कर दिया है। सीमांकन होते ही बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जो आगामी चार दिन में बनकर तैयार हो जायेगी। ग्वालियर जिले के ग्राम बिलौआ में भारत सरकार के रसायन, उर्वरक एवं पेट्रोकेमिकल विभाग द्वारा 37.463 हेक्टेयर भूमि पर प्लास्टिक पार्क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के ग्वालियर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर द्वारा इस पार्क में अधोसंरचना संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। भूखंडों का आवंटन भी औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा। प्लास्टिक पार्क में विकसित किए जा रहे अधोसंरचना कार्यों के तहत शेष रही 600 मीटर सडक के निर्माण कार्य के लिये भू-अर्जन की कार्यवाही भी पूर्ण हो चुकी है। इस सड़क के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जावेगा। स्वाभाविक है अधोसंरचनागत कार्यों के पूर्ण होने से औद्योगिक इकाइयों में भूखंड आवंटन कराने के लिये प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। औद्योगिक विकास निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों को प्लास्टिक पार्क के प्रति आकर्षित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में निगम द्वारा नई दिल्ली में प्लास्टिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था एआईपीएमए (ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन) एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों से सार्थक चर्चा की है। प्लास्टिक निर्माण से जुड़ीं देश की विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही अपनी औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के सिलसिले में ग्वालियर के प्लास्टिक पार्क का भ्रमण करने की बात कही है।

**प्रगति मैदान के वैश्विक आयोजन में किया जायेगा बिलौआ के प्लास्टिक पार्क का प्रमोशन**

एआईपीएमए एवं भारत सरकार के रसायन और पेट्रोरसायन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 17 से 20 जून तक देश की राजधानी नई दिल्ली में स्थित प्रगति मैदान में ÷ग्लोबल कॉन्क्लेव ऑन प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी÷ का आयोजन किया जायेगा। इस वैश्विक आयोजन में औद्योगिक विकास निगम स्टेट पार्टनर के रूप में भागीदारी करेगा। निगम द्वारा इस आयोजन में प्लास्टिक पार्क बिलौआ का व्यापक स्तर पर प्रमोशन किया जाएगा। इन प्रयासों से यह संभावना प्रबल हो गई है कि निकट भविष्य में प्लास्टिक पार्क बिलौआ में औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित होंगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

# ग्राम पंचायत गढ़ी में सामुदायिक भवन निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों में रोष

**विजयपुर।** ग्राम पंचायत गढ़ी में प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर ग्रामवासियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। ग्रामवासियों का आरोप है कि सरपंच एवं सचिव द्वारा सार्वजनिक सुविधा को दरकिनार कर सामुदायिक भवन को गांव से दूर पहाड़ियों पर, अपने नजदीकी व्यक्ति के घर के पास निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आम जनता को कोई विशेष लाभ नहीं मिलेगा और भवन पर एक व्यक्ति का वर्चस्व स्थापित हो जाएगा।इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध जताया और एक पंचनामा एसडीएम व जनपद सीईओ को सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि सामुदायिक भवन का निर्माण सार्वजनिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए निर्विवाद स्थल डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कराया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इनमें मंडल के पूर्व अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाहा, उपसरपंच सावरेन जाटव, जगदीश रावत, सीता रावत, छोटे जाटव, हरी विलास शाक्य, नरेंद्र गुर्जर, पप्पू खान, प्रकाश शर्मा, मांगीलाल गर्ग, केशव धाकड़, विनोद जोशी, रामदयाल खटीक, हेमराज राठौर, पीतम धाकड़, गौतम राठौड़, धर्मेंद्र गिरी, हीरा सिंह जादौन, बंटी प्रजापति, रोशन जाटव, केशव जाटव, कोक सिंह धाकड़, बनवारी गॉड, बुद्धाराम गॉड और दीपक श्रीवास सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


# संपादकीय

## मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट में समस्या

लोकल सर्किल्स के सर्वेक्षण से पता चला है कि 89त्न मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट होने में समस्या हो रही है। इनमें से 40त्न ने अक्सर ऐसी स्थिति का सामना करने की बात की। देश के 342 जिलों के रहवासियों से सव्रेक्षण में छप्पन हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं ली गई। कॉल करने में दिक्कत के अलावा अचानक फोन कटने की भी शिकायतें आम हैं। जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार डेटा/वाई-फाई कॉल यानी व्हाट्सएप, फेसटाइम या स्काइप करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। डाटा फॉर इंडिया के मुताबिक बीते साल ही भारत में हर सौ लोगों पर 81 मोबाइल कनेक्शन हो चुके हैं। हालांकि इसमें कई लोगों के पास दो से ज्यादा कनेक्शन भी हो सकते हैं। फिर भी अंदाजन इस वक्त 84त्न से अधिक भारतीयों के पास मोबाइल कनेक्शन है, जिसमें स्मार्ट फोन उपभोक्ताओं की संख्या 2026 में सौ करोड़ पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। इंटरनेट के प्रयोग और रोजमर्रा में फोन की आवश्यकता ने नौजवानों को मोबाइल कनेक्शन के प्रति बेहद आकृष्ट किया है। आंकड़ों के अनुसार दुनिया के शीर्ष दस दस विकसित देशों की तीन चौथाई आबादी के हाथ में स्मार्टफोन है। बावजूद इसके कंपनियां उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने में बुरी तरह नाकाम हैं। इसके लिए सरकार का लापरवाह रवैया भी कम दोषी नहीं कहा जा सकता। उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम होने के बावजूद कंपनियों द्वारा लगातार उनकी उपेक्षा की जाती है। फोन कनेक्शन बढ़ने से उत्साहित टेलीकंपनियों को अपनी सेवाओं को लेकर सतर्क और जवाबदेह बनना होगा। किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के उत्तरदायित्वों के निर्वहन में होने वाली कोताही के प्रति सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। यदि फोन कंपनियों का इन्फ्रास्ट्रक्चर यह भार सहन करने में सक्षम नहीं है तो वे नये कनेक्शन तब तक देने में हाथ सिकोड़ सकती हैं। जब तक उनका सिस्टम सटीक नहीं हो जाता। जब तारों द्वारा जोड़े जाने वाले लैंड लाइन होते थे, तब लाइन्स सीमित होने के कारण व्यस्त समय में उपभोक्ताओं को सभी लाइनें व्यस्त हैं, जैसी सूचना देने की सुविधाएं थीं। अब तमाम तकनीकी सुविधाओं और मोटी रकम चुकाने वाले उपभोक्ता को फोन कंपनियों की यह जानबूझकर की जा रही लापरवाही क्यों बर्दाश्त करनी पड़ रही है। सरकार और दूरसंचार मंत्रालय को इस पर कड़े कदम उठाने होंगे।

# ऋण देने से पहले विश्व बैंक को पाकिस्तान पर विचार करना चाहिए

डॉ. केशव पाण्डेय



पाकिस्तान को पानी के लिए तरसाने फिर आतंकियों के ठिकाने तबाह करने के बाद अब भारत ने पाकिस्तान पर 'वित्तीय स्ट्राइक' करने का फैसला किया है। भारत अब विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को पाकिस्तान की करतूतों को उजागर करने की रणनीति बनाई है। इसके लिए भारत उपयुक्त कदम उठाने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को अच्छा खासा ऋण देने की स्वीकृति प्रदान कर वैश्विक जगत को चौंकाया था। तथ्य है, पाकिस्तान वैश्विक अनुदानों व अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से मिलने वाली राशि को अक्सर आतंकी ठिकानों को मजबूत करने में खर्च करता रहा है। ऐसे में खासकर तब जब पहलगाम हमले में उसके संलिप्त होने के पुख्ता सबूत थे, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को क्या ऋण देना चाहिए था? अमेरिका ने इस निर्णय पर कोई ऐतराज नहीं जताया न ही यूरोपी देशों ने। और तो और रूस की भी इस मसले पर चुप्पी आश्चर्यचकित करने वाली है। यही कारण है कि पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को उजागर करने के लिए भारत सरकार ने विदेशों में सात प्रतिनिधिमंडल भेजकर एक उपयुक्त निर्णय किया है। इसी के समीचीन भारत वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान का आतंकी कनेक्शन के सबूत देगा। विश्व बैंक से इस्लामाबाद को होने वाली फंडिंग रोकने को कहेगा। पाकिस्तान विश्व बैंक से बीस अरब डॉलर का कर्ज हासिल करने के लिए हाथ पैर मार रहा है लेकिन भारत सरकार ने बैंक से साफ-साफ कहा है कि पाकिस्तान आतंक की सरपरस्ती करने वाला देश बन चुका है। इसलिए पाकिस्तान की फंडिंग बंद करना जरूरी है। अब पाकिस्तान को बीस अरब डॉलर तो क्या, एक पाई भी नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा भारत ने एफएटीएफ यानी 'फायनेंशिल एक्शन टास्क फोर्स' से पाकिस्तान को फिर से ग्रे-4 सूची में डालने की मांग की है ताकि भविष्य में पाकिस्तान को किसी देश से कर्ज न मिल सके। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने एक हफ्ता पहले पाकिस्तान को 1.4 अरब डॉलर की मदद दी, भारत ने इस पर आपत्तियां उठाई। आईएमएफ को इस बात के सबूत सौंपे हैं कि उससे मिले पैसे का इस्तेमाल पाकिस्तान आतंकवादियों को पालने-पोसने में कर रहा है। अब आईएमएफ ने पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं। आईएमएफ ने पिछले साल ही पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर का कर्ज़ मंजूर किया था। जिनमें से 1.4 अरब डॉलर पाकिस्तान को इसी महीने मिले हैं। पाकिस्तान के ऊपर 224 अरब डॉलर का ऋण है जो जीडीपी के 70 फीसद के बराबर है।

भारत के कड़े रुख के बाद आईएमएफ ने कहा है कि पाकिस्तान को जो पैसा दिया गया है वो उसके रिजर्व बैंक में जमा है। इसे पाकिस्तान की सरकार बजट के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर सकती। इस पैसे का इस्तेमाल सिर्फ उन विकास योजनाओं पर होगा, जिसके लिए दिया गया है।

आईएमएफ ने कहा है कि उसकी टीम इस फंड के इस्तेमाल पर नजर रखेगी और अगर पाकिस्तान ने इस फंड का गलत इस्तेमाल किया तो उसे भविष्य में कोई पैसा नहीं मिलेगा। इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि पाकिस्तान को आईएमएफ का ऋण कैसे मिला। विदेश मामलों के विशेषज्ञो का मानना है कि इसके लिए ट्रंप जिम्मेदार है। विशेषज्ञों इस संबंध में दावा है कि पाकिस्तान को लेकर डॉनल्ड ट्रंप का रुख एक डील को लेकर बदला। उन्होंने याद दिलाया कि कई साल पहले ट्रंप ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया था कि पाकिस्तान से अमेरिका को झूठ और फरेब के अलावा कुछ नहीं मिला। लेकिन अब ट्रंप भारत और पाकिस्तान को एक ही चश्मे से क्यों देख रहे हैं। दरअसल, क्रिप्टो व्यापार से ट्रंप के परिवार को अरबों डॉलर का फायदा हुआ। इसको लेकर दो तरह की बातें सामने आई हैं। एक तो ये कि पाकिस्तान की डब्ल्यूएलएफ से डील तो हुई पर अरबों का फायदा हुआ इसका कोई सबूत नहीं है। दूसरा, पाकिस्तान को आईएमएफ का ऋण इस डील की बदौलत मिला, इसका भी सबूत नहीं है। ऐसा लगता है कि इस मामले में किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने से पहले ब्यौरे का इंतजार करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा है कि पाकिस्तान के मामले में किसी तीसरे देशकी न तो कोई भूमिका है, और न होगी। अगर पाकिस्तान बात करना चाहता है, तो भारत सिर्फ पीओके के मुद्दे पर बात करेगा। जबतक पाकिस्तान की फौज और पाकिस्तान में छिपे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादी सरगना एक ही भाषा बोलते रहेंगे तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता।

## शब्द सामर्थ्य -061

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# कैमरे की नजर में बेशर्मी के हाईवे

(सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)

कई स्थानों पर लिखा रहता है कि आप कैमरे की नजर में हैं, मगर वहाँ कैमरे नही होते। जहां कैमरे होते हैं, वहाँ कैमरों पर नजर नहीं जाती। फिर भी कैमरे अपना कर्तव्य बखूबी निभाते हैं। लोगों के चाल, चरित्र और चेहरे को जन जन के सम्मुख लाते हैं। एक समय था कि जब दिशा नायक सच में देश के मार्ग दर्शक हुआ करते थे। जनता उनके जैसा बनने का प्रयास किया करती थी। वे अभिप्रेरक की भूमिका में रहते थे। अब नेता वैसे नही रहे। अब नेता शब्द ही गाली का पर्याय बन चुका है। नेता का नाम सुनते ही गैंडे जैसी मोटी चमड़ी वाले किसी थुलथुल देह का चेहरा सामने आता है, जिससे घिन आती है। लगता है कि नेता अब चरित्र निर्माण की पाठशाला में नहीं जाते । बेशर्मी का हाई वे उन्हें अधिक सुहाता है। किसी ने कहा है कि एक चेहरा कई मुखौटे हैं, मंच पर तुम जिसे बुलाते हो। जिसने भी कहा गलत नहीं कहा। सार्वजनिक और निजी जीवन में अंतर होता ही है। अपने घर में व्यक्ति को चड्डी, बनियान, नेकर या लुंगी में विचरण करने की छूट रहती है, वह मनमाफिक लुंगी नृत्य भी कर सकता है, मगर सार्वजनिक जीवन में ऐसा नहीं कर सकता। सड़क पर, किसी सभा में या किसी आयोजन में उसे साफ सुथरे परिधान पहनकर करीने से बालों में कंघी करके ही जाना होता है। कहने का आशय यह है कि अपने अंतरंग पलों का प्रदर्शन सार्वजनिक नहीं किया जाता। युग बदल रहा है, अब सोशल मीडिया अधिक सक्रिय है। सार्वजनिक स्थलों पर कैमरे लगे हैं, जो जाने अनजाने में किये गए किसी भी कृत्य को अपनी आँखों में कैद करके अपने दिल की एल्बम में सुरक्षित कर लेते हैं, एल्बम का कार्य ही यही है, कि जब चाहो यादगार पलों के दर्शन कर लो। बहरहाल बात निजी और सार्वजनिक जीवन की चल रही है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों के लिए कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं, जिनमें सार्वजनिक जीवन अधिक महत्वपूर्ण होता है तथा व्यक्ति विशेष का करियर ही उसकी सार्वजनिक छवि पर निर्भर करता है। व्यक्ति की भाषा, पहनावा, चाल, चरित्र उसकी योग्यता के मानक होते हैं। चाल, चरित्र और चेहरे के आधार पर व्यक्ति का मूल्यांकन होता है। आजकल कैमरे की पैनी नजर कब किसे अर्श से गिरा कर फर्श पर लाकर पटक दे, किसी को नहीं पता। कैमरे की नजर से नेताओं पर कब शनि की साढ़े साती अपने प्रभाव जमाने लगे, कहा नहीं जा सकता। अपने भाषणों से चर्चा में रहने वाले नेता कभी बिगड़े बोल से मुसीबत में फंस रहे हैं तो कभी सार्वजनिक रूप से अश्लील हरकतों के कारण। वीडियो क्लिप किसी भी दिग्गज नेता की उजागर होती है तथा नेता की पद और प्रतिष्ठा दांव पर लग जाती है। किसी के सौंदर्य पर फिदा नेता का चंद पल के लिए बहकना उसे हाईकमान के प्रति जवाबदेह बना देता है। नेता भले ही लाख सफाई दे, कि वीडियो क्लिप में दिखाई दे रही घटना तोड़मोड़ कर दर्शाई गई है या जिस हरकत को अश्लील बताया जा रहा है, वह हरकत नेक थी, किसी पीड़िता के प्रति हमदर्दी का पर्याय थी, किन्तु सत्य को झुठलाना इतना सरल नहीं होता। इस तरह की वीडियो क्लिप तटस्थ होती हैं।



वीर सावरकर जयंती 28 मई पर विशेष लेख

# दो बार आजीवन कारावास पाने वाले एकमात्र भारतीय थे वीर सावरकर

(अतिवीर जैन पराग-विनायक फीचर्स)



सात अक्टूबर उन्नीस सौ पांच विजयदशमी पर्व। पुणे के प्रमुख मार्गो से होते हुए विदेशी वस्त्रों को लेकर एक बैलगाड़ी आगे बढ़ रही थी और हजारों व्यक्ति विदेशी वस्त्रों को इस बैलगाड़ी में लादते जा रहे थे । यह बैलगाड़ी लकड़ी के पुल तक पहुंची और असंख्य नागरिकों के सामने इसे प्रचंड अग्नि के हवाले कर दिया गया । धू-धू करती इस ज्वाला को वीर सावरकर ने गोरे रावण का दहन का नाम दिया और अपने जोशीले भाषण से नागरिकों के हृदय में देश प्रेम की ज्वाला जला दी । इस अवसर पर तिलक और परांजपे के भी भाषण हुए। इस प्रकार विदेशी वस्त्रों का प्रथम होलिका दहन करने वाले वीर सावरकर थे। तब महात्मा गांधी ने भी दक्षिण अफ्रीका के अपने पत्र इंडियन ओपिनियन में विदेशी वस्त्रों के इस होलिका दहन की भरपूर आलोचना की थी।

फिर 16 वर्ष बाद 11 जुलाई को परेल मुंबई में महात्मा गांधी ने स्वयं ही विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। इतिहासकारों ने भी विदेशी वस्त्रों की पहली होली जलाने का श्रेय महात्मा गांधी को दिया जबकि प्रथम विदेशी वस्त्रों की होली जलाने वाले वीर सावरकर थे। विदेशी वस्त्रों की होली जलाने के कारण कॉलेज प्रबंधन ने इनको कॉलेज से निष्कासित कर दिया और ? दस का जुर्माना लगाया । जिस पर नगर में जन आक्रोश उमड़ पड़ा और अंत में विद्यालय को इनका निष्कासन वापस लेना पड़ा लेकिन स्नातक पूर्ण करने के बाद कॉलेज प्रशासन ने इनकी डिग्री को जब्त कर लिया ।




**जी हां हम बात कर रहे हैं वीर विनायक राव दामोदर**

सावरकर उर्फ तात्या राव की ,जिनका जन्म 28 मई 1883 को प्रातः 10 बजे नासिक जिले के भंगुर ग्राम में हुआ था।इनके पिता का नाम दामोदर राव पंत और माता का नाम राधाबाई सावरकर था। इनके एक बड़े भाई बाबा गणेश राव सावरकर थे। वीर विनायक दामोदर सावरकर दूसरे नंबर पर थे । तीसरे नंबर पर इनकी एक बहन मैना बाई थी ।

सबसे छोटे भाई बाल नारायणराव सावरकर दांतों के डॉक्टर थे। जब विनायक 9 वर्ष के थे तभी माता जी का देहांत हो गया था और जब मात्र 16 वर्ष के थे तो इनके पिता जी का देहावसान हो गया था । इसके बाद इनके पालन पोषण का जिम्मा इनके बड़े भाई बाबा गणेश ने उठाया । इनकी शादी यमुनाबाई सावरकर से हुई थी।

इनके एक पुत्र विश्वास और एक पुत्री प्रभात चिपलुणकर हुई । विनायक दामोदर सावरकर ने लंदन के ग्रेज इन विधि विद्यालय से 1909 में विधि ( बैरिस्टर ) की परीक्षा उत्तीर्ण की पर उसका प्रमाण पत्र उन्हें कभी नहीं मिला द्य उसका कारण था उपाधि ग्रहण करते समय एक शपथ पत्र पर ब्रिटिश संविधान के प्रति स्वामी भक्ति का वचन देना होता था और हस्ताक्षर करने होते थे और सावरकर ने ऐसा करने से मना कर दिया । बैरिस्टर की यही उपाधि मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, कैलाश नाथ काटजू , भूलाभाई देसाई , सर तेज बहादुर सप्रू , जिन्ना और महात्मा गांधी जैसे लोगों ने भी शपथ पत्र पर अंग्रेजी संविधान और महारानी के प्रति अपनी स्वामी भक्ति के पत्र पर हस्ताक्षर करके ही पाई थी।

सावरकर ने लंदन में बैरिस्टरी करते हुए इंडिया हाउस को अपनी गतिविधियों का केंद्र बनाया हुआ था। अंग्रेजों ने अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति को गदर का नाम दिया , उसे नकारते हुए वीर सावरकर ने इसे स्वातंर्त्य समर नाम से गौरवान्वित किया । एक जुलाई उन्नीस सौ नौ को इनके एक साथी मदन लाल ढींगरा ने विलियम कर्जन वायली को गोली मार दी, जिस पर इन्होंने लंदन टाइम्स में एक लेख लिखा।

# राशिफल

**मेष**
आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, अचानक धन लाभ होगा जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपके जूनियर आपसे काम सीखने आएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। ट्रांसफर के लिए किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा।

**वृषभ**
आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। जिससे काम सरलता से पूरा हो जायेगा।

**मिथुन**
आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। आज जीवनसाथी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

**सिंह**
आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें। दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान आज कैंसिल करना पड़ सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

**कन्या**
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को ज़्यादा मुश्किल बना देगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस देखकर बॉस आपके प्रमोशन पर विचार करेंगे। कॉन्ट्रैक्ट का काम कर रहे लोगों को आज अच्छा धन लाभ होगा। लवमेट के बीच चल रही गलत फहमियाँ आज दूर होंगी।

**तुला**
आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है। प्रोफ़ेसर वर्ग के लोगों को आज किसी कॉलेज टीचिंग के लिये ऑफर मिलने वाला है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज कार्यों को लेकर किया गया कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आज आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है, जिससे पूरे घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। आप उनके साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**धनु**
आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। आज कैश का लेन देन करते समय आपको सावधानी वरतने की आवश्यकता है। आज आप व्यापार को बढ़ाने के लिए नयी योजना बनायेंगे।

**मकर**
आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा। अगर आप लोन लेना चाहते है तो आज आवेदन कर दें।

**कुंभ**
आज आपका मन अध्यात्म में लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। घर से बाहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज बड़ी सफलता मिलने वाली है। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे। जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे।

**मीन**
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, घर वाले आपके रिश्ते से सहमत होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा।

# बिहार की राजनीति में बवाल बनती तेजप्रताप की प्रेम कहानी

(मनोज कुमार अग्रवाल-विनायक फीचर्स)



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालूप्रसाद यादव के ज्येष्ठ पुत्र और बिहार विधानसभा के सदस्य तेज प्रताप यादव द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी रिलेशनशिप के ऐलान और प्रेमिका की तस्वीर शेयर करने के बाद से बिहार की राजनीति और लालू परिवार में भूचाल आया हुआ है। लालू यादव ने तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। सोशल मीडिया पर जो पोस्ट तेजी से वायरल हुआ था। इसमें तेज प्रताप एक लड़की के साथ दिख रहे थे। तेज प्रताप की प्रेम कहानी खुद उनके ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट से सामने आयी, जहां एक लड़की की फोटो के साथ पोस्ट कर लिखा गया कि- %मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हम लोग पिछले 12 सालों से रिलेशनशिप में रह रहे हैं।% मैं बहुत दिनों से आप लोगों से यह बात कहना चाहता था पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं....? इसलिए आज इस पोस्ट के माध्यम से अपने दिल का बात आप सब के बीच रख रहा हूं। आशा करता हूं आप लोग मेरी बातों को समझेंगे।÷ यह पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गई।

वैसे तेजप्रताप विवाहित हैं, तेज प्रताप यादव की शादी वर्ष 2018 के मई महीने में पूर्व सीएम दारोगा राय की पोती और बिहार की मंत्री रह चुकी चंद्रिका राय की पुत्री ऐश्वर्या राय से हुई थी। लेकिन शादी के चंद महीने बाद ही नवंबर 2018 में तेज प्रताप ने अपनी पत्नी से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी थी। अभी ऐश्वर्या से उनका विवाद कोर्ट में चल ही रहा है। लेकिन इसी बीच उन्होंने फेसबुक पोस्ट के जरिए 12 साल पुराने प्यार की कहानी सार्वजनिक की। इस कहानी के सामने आते ही लोगों ने यह कहा कि जब वो पहले से किसी के साथ रिलेशन में थे, तब ऐश्वर्या की जिंदगी क्यों बर्बाद की?

पत्नी से तलाक की मंजूरी के बगैर तेज प्रताप यादव के दूसरी महिला के साथ रिलेशनशिप में रहने का मामला सोशल मीडिया के जरिए सामने आया है। ऐसे में विधि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उनकी पत्नी ऐश्वर्या चाहे तो उन्हें कानून के दायरे में लाया जा सकता है। हालांकि यह तभी संभव होगा जब पत्नी की तरफ से इसको लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाए।

पूर्व मंत्री और राजद के विधायक तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल से निकाल दिया गया। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया। उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने



लिखा, %निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।%

लालू प्रसाद यादव ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।

अब जान लीजिए कि तेजप्रताप की कथित गर्लफ्रेंड अनुष्का यादव कौन हैं? सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खबरों की मानें तो बताया जा रहा है कि अनुष्का यादव और कोई नहीं बल्कि छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके आकाश यादव की बहन हैं। सोशल मीडिया के कई पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि अनुष्का और आकाश यादव भाई-बहन हैं। बिहार की राजनीति में आकाश यादव को तेजप्रताप यादव का करीबी माना जाता है। 2021 में आकाश यादव को छात्र राजद का प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए तेजप्रताप पार्टी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से भिड़ गए थे। इस बात से जगदानंद सिंह काफी नाराज हो गए थे और पार्टी भी छोड़ना चाह रहे थे, लेकिन लालू यादव ने उन्हें रोक लिया था। आकाश के लिए तेज प्रताप अपने परिवार से भी भिड़ गए थे। उन्होंने ना सिर्फ अपने भाई तेजस्वी यादव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था, बल्कि पिता लालू यादव और मां राबड़ी देवी की बात भी मानने से इनकार कर दिया था। अंत में तेज प्रताप की जिद के आगे लालू परिवार झुक गया था। इधर, कथित गर्लफ्रेंड के साथ पोस्ट वायरल होने के कुछ देर बाद तेज प्रताप यादव फेसबुक पर वायरल जानकारी से मुकर गए और उन्होंने अपना अकाउंट हैक होने की जानकारी दी। इसमें यह कहा गया है कि ये सब उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने लिखा है - ÷मेरे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म को हैक एवं मेरी तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है।

मैं अपने शुभचिंतको और फॉलोवर्स से अपील करता हूं कि वे सतर्क रहें और किसी भी अफ़वाह पर ध्यान न दें... राजद विधायक तेजप्रताप यादव हाल ही में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट की अनुमति लेकर मालदीव की सैर पर गये थे। वहां से दो दिन पहले ही पटना लौटे हैं। शनिवार की शाम तक उनकी दिनचर्या सामान्य थी, लेकिन उसी दिन शाम में उनके फेसबुक पर इजहार-ए-इश्क के पोस्ट से तूफान खड़ा हो गया। इस सबके बीच उठे राजनीतिक पारिवारिक तूफान में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेज प्रताप यादव के पक्ष में बयान दिया है। रविवार को तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए लालू यादव ने बाहर कर दिया जिसको लेकर अब पप्पू यादव भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि अपने प्रेम को सार्वजनिक जीवन में सामने लाना यह कोई गुनाह नहीं है। पप्पू यादव ने कहा, ÷क्या लालू यादव और उनके परिवार को यह बात पहले पता नहीं थी... सब पता था. लालू जी के बेटे ने कोई गलत काम नहीं किया है, कोई बलात्कार तो नहीं किया है? उन्होंने कहा, ÷लालू जी के दल में भी ऐसे नेता हैं जिनके ऊपर ऐसे आरोप हैं लेकिन पार्टी चलाने के लिए लालू जी उनके घर जाते हैं, उनसे मदद लेते हैं क्या वह गलत नहीं है ? किसी ऐसे नेता को निकाला? राजनीति के तहत किसी का जीवन बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। हर किसी चीज में राजनीति को नहीं लाया जाना चाहिए। पप्पू यादव पूर्णिया में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने इस पूरे मामले पर कहा, ÷व्यक्तिगत चीज है लेकिन लालू यादव को एक बात समझनी होगी, आपके बेटे ने ईमानदारी से प्रयास किया और दुनिया के सामने खुलकर प्यार का इजहार किया। याद कीजिए, बिल गेट्स ने भी अमेरिका में स्वीकार किया था कि हमसे भूल हुई, जब उन पर आरोप लगे थे, अमेरिका ने सराहना भी की थी। लेकिन तेज प्रताप के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने अपने बड़े भाई के संबंधों पर एतराज जताया है और कहा है कि राजनीति और निजी जीवन अलग चीज है, लेकिन जो हुआ है ना तो मैं उसको पसंद करता हूं और ना ही बर्दाश्त करता हूं। इसी बीच लालू प्रसाद यादव की बेटी और तेज प्रताप यादव की बहन रोहिणी आचार्य भी इस मुद्दे पर मुखर हैं।

उन्होंने एक्स पर एक लंबा और भावनात्मक पोस्ट लिखकर यह स्पष्ट कर दिया कि वह अपने पिता के फैसले के साथ हैं और तेज प्रताप के आचरण को परिवार और पार्टी के खिलाफ मानती हैं।सवाल उठता है कि तेज प्रताप यादव का यह मामला सामाजिक स्वीकृति योग्य माना जाए अथवा विवाहेत्तर संबंधों के चलते नैतिक मूल्यों के खिलाफ सामाजिक मान्यताओं का उल्लंघन माना जाए जैसा कि लालू प्रसाद यादव का परिवार मान रहा है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि दल हर पंचायत का दौरा करें : कमिश्नर

## अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान में अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाएं : कमिश्नर



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरण के बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से एल-2 में जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदन एक सप्ताह में निराकृत करें। सीएम मानिट के बिन्दुओं पर भी कार्यवाही करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। सभी संभागीय अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग करें। अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान करके भी भागीदारी निभाएं। कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। संयुक्त संचालक कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों के जिलेवार दल तैनात कर दें। कृषि दल निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार प्रत्येक पंचायत का अनिवार्य रूप से भ्रमण करें तथा किसानों को खेती को बेहतर करने के उपाय बताए। भ्रमण के दौरान ड्रोन का भी प्रदर्शन अनिवार्य रूप से कराएं। आगामी फसल की तैयारी के लिए खाद और बीज का समय पर भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर वैकल्पिक खाद के उपयोग की जानकारी दें। खाद का अग्रिम उठाव और प्रत्येक समिति में भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों की मांग के अनुरूप उन्नत किस्म के बीज उन्हें उपलब्ध कराएं। निजी क्षेत्र से बीज वितरण की भी सतत निगरानी रखें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में ऑनलाइन दर्ज कराकर पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत कर दें। कमिश्नर ने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी तैयारी कर लें। संभाग के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर लें। लोक निर्माण विभाग तथा सेतु विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले मार्गों और पुलों में संकेतक लगाकर उनके फोटो सहित प्रतिवेदन सात दिवस में प्रस्तुत करें। नेशनल हाइवे तथा अन्य प्रमुख सड़कों में वाहन दुर्घटना से मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बसों सहित सभी वाहनों की नियमित रूप से जाँच करें। वाहनों में कमियाँ पाए जाने तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल को देखते हुए सभी आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरी क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं। जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या होती है वहाँ जल निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक नगरीय निकाय चित्रकूट नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई, नालियों की सफाई, सड़कों के सुधार तथा गंदे पानी के नालों को मंदाकिनी नदी में मिलने से रोकने एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की मानीटरिंग करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी का कार्य दो दिवस में पूरा कर लें। विषमता परिवार, मृत हितग्राही तथा स्थाई रूप से पलायन कर गए हितग्राहियों के नाम भी पोर्टल से तीन दिवस में पृथक कराएं। जून माह से स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू हो रहा है। इसके माध्यम से केवल ई केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों को ही खाद्यान्न का आवंटन प्राप्त होगा। समग्र पोर्टल में भी ई केवाईसी के अपडेशन का कार्य समय पर पूरा कराएं। अभी केवल 54.54 प्रतिशत हितग्राहियों के ही समग्र ई केवाईसी अपडेशन का कार्य हुआ है। बैठक में कमिश्नर ने गेंहू उपार्जन में किसानों को भुगतान, संचारी रोगों से बचाव, पेयजल व्यवस्था तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, अधीक्षण यंत्री पीएचई जेएस धुर्वे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए निर्देश

### कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें: मुख्य सचिव




**रीवा,कासं.।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर विभिन्न विभागों के कार्यो तथा महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें। इसमें मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों, एनीमिया पर नियंत्रण एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें। परामर्श दात्री समिति की भी हर माह बैठक आयोजित कर अधिकारियों-कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर उनकी कठिनाईयों का निराकरण करें। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज किए गए दावों में से अभी भी पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में दावे लंबित हैं। अधिनियम के तहत गठित समिति की बैठकें आयोजित कर इन दावों का निराकरण कराएं। पात्र व्यक्ति को भू अधिकार पत्र जारी करें तथा अपात्र के दावे अमान्य करें। अधिनियम के तहत सामुदायिक दावों पर भी समुचित कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आगामी वर्षाकाल में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए समुचित तैयारी के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक जिले में दल गठित करके उनके भ्रमण का रूट चार्ट तैयार कर दें। अभियान का मंत्रीगणों, सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से समारोहपूर्वक शुभारंभ कराएं। किसानों को विशेषज्ञ दल खेती के आधुनिक तकनीक, पराली प्रबंधन तथा कृषि विविधीकरण की जानकारी दें।

खाद के संतुलित उपयोग तथा स्वाइल हेल्थ कार्ड के संबंध में भी किसानों को जागरूक करें। सभी जिलों में सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, ब्लैक स्पॉट में सुधार तथा राहवीर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठकों का भी नियमित आयोजन करें। इसमें राहत राशि के प्रकरणों को स्वीकृत करके पीड़ितों को राहत राशि का भुगतान करें। समग्र पोर्टल में हितग्राहियों के ई केवाईसी सत्यापन तथा डुप्लीकेट के नाम पृथक करने की कार्यवाही भी संतोषजनक नहीं है। ई केवाईसी अपडेशन 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा करें। मुख्य सचिव ने कहा कि ई आफिस प्रणाली 55 विभागों में लागू हो गई है। इससे समय की बचत होने के साथ फाइलों के निराकरण में तेजी आई है। इसे शीघ्र ही तहसील स्तर तक लागू किया जाएगा। सभी अधिकारी मिशन कर्मयोगी योजना तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को दक्षतावर्धन का प्रशिक्षण दिलवाकर उनकी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं।

# संतुलित उर्वरकों के उपयोग से बढ़ती है पैदावार

**रीवा,कासं.।** कृषि वैज्ञानिकों द्वारा समय-समय पर किये गये प्रयोगों से यह बात साबित हो चुकी है कि खेतों से अधिकत्तम उत्पादन प्राप्त करने के लिये उर्वरकों के संतुलित व समन्वित उपयोग की जरूरत होती है न कि उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल की। एक ही तरह के उर्वरकों का उपयोग करने से फसलों को उचित पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति क्षीण हो जाती है। इसलिये कृषकों को मिट्टी की प्रकृति को ध्यान में रखकर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिये। ऐसा करके किसान उर्वरकों की खपत काफी कम कर सकते हैं और अपना आर्थिक बोझ भी कम कर सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार फसलों में उर्वरकों के उपयोग से पहले यह जानना जरूरी है कि मिट्टी की प्रकृति कैसी है अर्थात मिट्टी भारी है या हल्के किस्म की। ऐसा इसलिये आवश्यक है क्योंकि जब भूमि में उर्वरकों का उपयोग किया जाता है तब उसका बहुत बड़ा भाग मिट्टी की निचली सतह में बहकर चला जाता है , जिसका फसल में कोई उपयोग नहीं हो पाता। बालुई या हल्की मिट्टी में नत्रजनधारी उर्वरक जैसे सोडियम नाइट्रेट, कैल्शियम नाइट्रेट आदि का रिसाव चिकनी मिट्टी की अपेक्षा अधिक होता है। इसलिये हल्की मिट्टी में नत्रजनधारी उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये, अन्यथा फसलों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक प्राप्त नहीं होंगें और उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

# जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में आवेदकों की सुनीं गई समस्यायें

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 73 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने जनसुनवाई करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने के लिये प्रेषित किया। जनसुनवाई में गोविंदगढ़ के निवासियों ने शमशान तक पहुंचमार्ग के अवरोध को दूर कराने का आवेदन दिया। तहसीलदार को मौका निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जगदीश प्रसाद निवासी मौजा मौहरा, अमरीश पाण्डेय निवासी टोला रामप्यारे रीठी तथा नंदकिशोर कुशवाहा लौआ लक्ष्मणपुर के सीमांकन के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को प्रेषित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पारसनाथ सिंह सुमेदा के अधिगृहीत भूमि का मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन को एसडीएम हुजूर को, जयप्रकाश दुबे जमुई निवासी के खतौनी की नकल के आवेदन को नकल शाखा को, बुद्धिलाल प्रजापति निवासी अतरैला के नकल की जांच कराने के आवेदन को तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पतौना निवासी महेन्द्र मिश्रा ने आंधी तूफान से हुई क्षति की पूर्ति कराने का आवेदन दिया। जिसे एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### कमजोर एशियाई संकेतों के बीच लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार

**मुंबई ,ए.।** कमजोर एशियाई संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली दर्ज की गई। सुबह करीब 9.28 बजे, सेंसेक्स 747.69 अंक या 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,428.76 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 204.10 अंक या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,797.05 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 366.95 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,205.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 4.65 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,062.60 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 36.60 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के बाद 17,744.40 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, तकनीकी रूप से, निफ्टी ने अपनी गति को पुनः प्राप्त कर लिया है, जो निर्णायक रूप से 24,500-25,000 के अपने कंसोलिडेशन जोन से बाहर निकल गया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में प्राइम रिसर्च के प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा, ÷तत्काल प्रतिरोध अब 25,207 पर देखा जा रहा है, जो 26,277 से 21,743 तक की पूरी गिरावट के 76.4 प्रतिशत फिबोनाची रिट्रेसमेंट से प्राप्त हुआ है। नीचे की ओर, 24,800 निफ्टी के लिए तत्काल समर्थन प्रदान कर सकता है।÷ फिबोनाची रिट्रेसमेंट एक टेक्निकल एनालिसिस टूल है जिसका इस्तेमाल बाजार में संभावित समर्थन और प्रतिरोध स्तरों को पहचानने के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार के इस फेज के दौरान एसआईपी प्रवाह की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि निवेशक पहले की तुलना में लंबी अवधि के लिए निवेशित बने हुए हैं। इससे बाजार को समर्थन मिलेगा। इस बीच, सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, एमएंडएम, एचसीएल टेक, इटरनल, टेक महिंद्रा, इंफोसिस और टीसीएस टॉप लूजर्स रहे। केवल इंडसइंड बैंक टॉप गेनर था। एशियाई बाजारों में बैंकॉक, सोल, चीन, हांगकांग और जापान लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। केवल जकार्ता हरे निशान में कारोबार कर रहा था। मेमोरियल डे के अवसर पर सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार बंद रहे। शुक्रवार को आखिरी कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 256.02 अंक या 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,603.07 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 39.19 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,802.82 पर बंद हुआ और नैस्डैक 188.53 अंक या 1.00 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,737.21 पर बंद हुआ। संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने 26 मई को 135.98 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,745.72 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### होंडा सिटी की बिक्री में गिरावट, एक कारोबारी विश्लेषण

**नईदिल्ली ,ए.।** होंडा सिटी, भारतीय सेडान बाजार का एक प्रमुख खिलाड़ी, अप्रैल 2025 में बिक्री में 50त्न से अधिक की भारी गिरावट का सामना कर रहा है, जो सिर्फ 406 यूनिट्स तक सीमित रही। यह आंकड़ा एक चिंताजनक व्यावसायिक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जो भारतीय ऑटोमोटिव बाजार में ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं की ओर इशारा करती है। पारंपरिक रूप से सेडान को पसंद करने वाले भारतीय अब अधिक स्पेस, बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस और ऊँची राइडिंग पोजीशन वाली एसयूवी की ओर रुख कर रहे हैं। यह बदलाव होंडा सिटी जैसे स्थापित मॉडलों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। होंडा सिटी का मुकाबला मारुति सुजुकी सियाज, हुंडई वरना, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस जैसी मजबूत प्रतिस्पर्धियों से है। मारुति सियाज ने पहले ही होंडा सिटी को बिक्री में पीछे छोड़ दिया है, जो इस बात का संकेत है कि सिटी को अपनी उत्पाद रणनीति पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि होंडा सिटी की बिक्री में गिरावट का एक कारण इसकी प्रतिस्पर्धी कारों के मुकाबले कम फीचर्स और उच्च कीमत भी हो सकता है।

# सूर्यकुमार यादव ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर बने नंबर 1 बल्लेबाज



**जयपुर,एजेंसी।** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2025 का 69वां मुकाबला खेला जा रहा है. इस मैच में मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने वो कर दिखाया जो टी20 क्रिकेट में अब तक कोई नहीं कर पाया है. पंजाब के खिलाफ तूफानी अर्धशतकीय पारी के साथ सूर्यकुमार यादव ने अपने नाम खास उपलब्धि दर्ज की है. इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मुंबई इंडियंस पहले बल्लेबाजी करते हुए जब रयान रिकेल्टन 27 रनों के निजी स्कोर पर मार्को जानसेन की गेंद पर श्रेयस अय्यर को कैच थमा बैठे तब सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी करने के लिए आए. उन्होंने तीसरे नंबर पर आकर अर्धशतकीय पारी खेली. इस पारी के साथ ही सूर्यकुमार यादव ने एक खास उपलब्धि अपने नाम हासिल कर ली है. सूर्या टी20 क्रिकेट इतिहास में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

उन्हें पंजाब के खिलाफ 39 बॉल में 6 चौके और 2 छक्कों के साथ 57 रनों की पारी खेलकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 25 या उससे ज्यादा लगातार रन बनाने के मामले में टॉप पर कब्जा कर लिया है. सूर्यकुमार यादव ने लगातार 14 टी20 पारियों में 25 या उससे ज्यादा रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बना डाला है. सूर्या से पहले ये रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के टेम्बा बावुमा के नाम था. उन्होंने लगातार 13 पारियों में 25+ स्कोर बनाया है. अब सूर्या उनसे आगे निकल गए हैं. इसके साथ ही ब्रैड हॉग, जैक्स रूडोल्फ, कुमार संगकारा, क्रिस लिन और काइल मेयर्स ने लगातार 11 पारियों से 25+ का स्कोर बनाया था. अब सूर्या सबसे आगे निकलकर शीर्ष पर हैं. इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर ये रिकॉर्ड अपने नाम किया है. सचिन ने आईपीएल साल 2010 में मुंबई के लिए 618 रन बनाए थे. तब से वो मुंबई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे लेकिन अब सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में अब तक 14 पारियों में 640 रन बना लिए हैं. वो मुंबई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर टॉप 2 में बनाई जगह

### -जोश इंग्लिस और प्रियांश आर्य ने खेलीं तूफानी पारी

**जयपुर,एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 69वें मुकाबला में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया है. पंजाब ने अपने अंतिम लीग मैच में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मिली शानदार जीत के साथ टॉप 2 टीमों में अपना स्थान पक्का कर लिया है. इस समय 14 मैचों के बाद पंजाब के 19 अंक हैं और वो अंक तालिका में नंबर 1 पर मौजूद है. अब आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स को दो मौके मिलेंगे. उसे क्वालीफायर 1 और 2 खेलने का मौका मिलेगा. इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारी के चलते 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए. पंजाब ने जीत के लिए मिले 185 रनों के टारगेट को 18.3 ओवर में 9 बॉल बाकी रहते हुए 3 विकेट खोकर 183 रन बनाकर मैच जीत लिया. इस हार के साथ मुंबई के टॉप 2 में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गई. पंजाब किंग्स के लिए पारी की शुरुआत करने के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य आए. प्रभसिमरन 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके बाद क्रीज पर आए जोस इंग्लिस ने प्रियांश के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 59 बॉल में 109 रनों की साझेदारी कर डाली. प्रियाश आर्य ने 35 बॉल में 9 चौके और 2 छक्कों के साथ 67 रनों की पारी खेली. आर्य के अलावा जोस इंग्लिस ने 42 बॉल में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 73 रनों की पारी खेली. श्रेयस अय्यर ने नाबाद 26 और नेहाल वढेरा ने नाबाद 2 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी. मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने 1 और मिचेल सैंटनर ने 2 विकेट हासिल किए. इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव ने 39 बॉल में 6 चौके और 2 छक्कों के साथ 57 रनों की पारी खेली. सूर्या टीम के टॉप स्कोरर रहे।

# 50 पैसे के इस शेयर ने किया कमाल, निवेशकों को दिया 715 प्रतिशत का तगड़ा मुनाफा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नंदन डेनिम्स लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान निवेशकों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। कंपनी ने मार्च 2025 (त्त4स्न्ङ्ग25) तिमाही के लिए मजबूत रेवेन्यू ग्रोथ दर्ज की, जिसके चलते इंट्रा-डे ट्रेडिंग में शेयर 4 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए। दोपहर 1 बजे के करीब कंपनी का शेयर बीएसई पर 1.74त्न की तेजी के साथ 4.09 रुपए पर कारोबार कर रहा था। सोमवार के कारोबार में यह पेनी स्टॉक 4.2 प्रतिशत तक बढ़कर 4.19 रुपए के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इस तेजी के बावजूद यह शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 7.33 रुपए से 43 प्रतिशत नीचे है, जो इसने सितंबर 2024 में छुआ था। शेयर ने मार्च 2025 में 2.96 रुपए का 52-सप्ताह का निचला स्तर भी देखा था। मई 2020 में शेयर की कीमत महज 50 पैसे थी। पिछले एक साल में इस शेयर ने 5 प्रतिशत का मामूली रिटर्न दिया है। दो साल में शेयर में 92 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि पांच साल में इसने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है, जो 755 प्रतिशत तक बढ़ गया है और निवेशकों के लिए एक शानदार निवेश साबित हुआ है। मई में अब तक शेयर में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि अप्रैल में 3.7 प्रतिशत और मार्च में 11.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। इस तेजी से पहले, शेयर दबाव में था और अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक लगातार पांच महीनों तक इसमें गिरावट आई थी। मार्च 2025 तिमाही के लिए कंपनी की बिक्री में 81 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले साल की समान तिमाही के 579.12 करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर 1,048.65 करोड़ रुपए हो गई। यह मजबूत वृद्धि कंपनी की बढ़ती बाजार उपस्थिति और भारत तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके डेनिम उत्पादों की मजबूत मांग को दर्शाती है। हालांकि, पिछली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले साल की इसी अवधि के 27.11 करोड़ रुपए से 60.79 प्रतिशत घटकर 10.63 करोड़ रुपए रह गया।

# कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज के पहले राउंड में वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को हराया

**स्टवान्गर,एजेंसी।** दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने स्टवान्गर में नॉर्वे शतरंज के शुरुआती दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश पर शानदार जीत दर्ज की. उन्होंने चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में सभी 3 अंक हासिल करने के लिए अपने अंतिम गेम की विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया. खेल 55 चालों के बाद समाप्त हुआ और कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की गलती का फायदा उठाकर जीत हासिल की. कार्लसन अब अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और दुनिया के नंबर 2 हिकारू नाकामुरा के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने अमेरिकी फैबियानो कारुआना को हराया क्योंकि दोनों खिलाड़ियों ने अपने पहले राउंड के मैचों में जीत के साथ 3 प्वाइंट्स हासिल किए हैं. भारत के अर्जुन एरिगैसी ने चीन के नंबर 1 वेई यी को आर्मगेडन गेम में हराया, जब उनका क्लासिकल गेम ड्रॉ पर समाप्त हुआ. वेई ने इस मुकाबले में एक अंक हासिल किया, जबकि एरिगैसी ने कुल 1.5 अंक हासिल किए. टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल फॉर्मेट में जीत के लिए 3 अंक दिए जाते हैं. ड्रॉ होने की स्थिति में, प्रत्येक खिलाड़ी को 1 अंक मिलता है और आर्मगेडन गेम में विजेता को अतिरिक्त आधा अंक दिया जाता है. दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाने के लिए शांत और सटीक गेमप्ले की मदद से आर. वैशाली के खिलाफ जीत हासिल की. सफेद मोहरों से खेल रहे नॉर्वेजियन ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव डाला और गेम जीतने के लिए अंतिम गेम में गलती की. हालांकि, गुकेश ने 11वीं चाल में कार्लसन के सफेद मोहरों के लाभ को बेअसर करके एक मजबूत गेमप्ले दिखाया, जिससे नॉर्वेजियन को लगभग 15 मिनट तक इस चाल पर विचार करना पड़ा. हालांकि, कार्लसन ने अंत में अधिकांश अवसरों का फायदा उठाते हुए विश्व चैंपियन को हराया. ओपन और महिला दोनों श्रेणियों में शीर्ष छह खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. पुरुषों की लाइनअप में गुकेश, कार्लसन, कारुआना, नाकामुरा, एरिगैसी और वेई यी शामिल हैं।

# एसपी राठौड़ ने करैरा थाने का किया औचक निरीक्षण, गश्त ड्यूटी के दौरान नदारद मिले अमोला थाना प्रभारी, 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से किया दण्डित

### शिवपुरी शहर की गश्त व्यवस्था मिली मुस्तैद, आमजन की सुरक्षा एवं अपराध पर लगाम कसने के दिए निर्देश



**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने मध्य रात्रि में करैरा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड आदि का निरीक्षण कर थाना प्रभारी विनोद छावई को गश्त के दौरान प्रत्येक एटीएम चेक करने, हिस्ट्रीशीटर एवं अपराधियों को चेक करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों से रोक टोक कर पूछताछ करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद शिवपुरी लौटते समय एसपी ने देखा कि अमोला हाईवे पर थाना प्रभारी की गश्त ड्यूटी थी, लेकिन वह उपस्थित नहीं मिले जिस पर अमोला थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता को 5 हजार रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसके बाद निरीक्षण में शिवपुरी शहर की गश्त व्यवस्था में एसडीओपी संजय चतुर्वेदी एवं महिला थाना प्रभारी मुस्तैदी से गश्त करते मिले। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से मुस्तैदी से गश्त करने एवं गश्त में किसी प्रकार की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री राठौड़ ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश करते हुए कहा कि थाने में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और समय पर निराकरण किया जाए। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए तथा थाना प्रभारी को पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी को पूरी करते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार काम करते रहना चाहिए। संवेदनशील मामलों का जल्द निपटारा हो, क्योंकि अगर ऐसे मामलों में देरी होती है तो अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। एसपी ने थाना क्षेत्र में अपराधियों व जुआ, सट्टा, अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस दौरान उन्होंने पुलिस को आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को जाना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, एक युवक की दबने से मौत, क्रेन से निकाला शव

### रेलिंग से टकराकर 200 मीटर घिसटी, पुणे से नेपाल जा रहे थे लोग

**शिवपुरी ब्यूरो।** बदरवास थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम को नेशनल हाईवे पर यात्रियों से भरी एक बस पलट गई। बस के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, 35 यात्री घायल हुए हैं। बस में 60 लोग सवार थे। ये पुणे से नेपाल बॉर्डर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आई, इसी दौरान एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने में बस रेलिंग से टकराते हुए 200 मीटर घिसटती गई। इसके बाद रेलिंग तोड़कर पलट गई। गाय की भी वहीं मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ यात्री बस के नीचे दब गए थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। बदरवास थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। क्रेन बुलाकर बस को सीधा किया गया, तब जाकर एक 35 वर्षीय युवक का शव निकाला गया। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। बस महाराष्ट्र के पुणे से नेपाल बॉर्डर की ओर जा रही थी।



इसमें सवार सभी यात्री नेपाल के रहने वाले हैं, जो महाराष्ट्र में काम करते हैं और अपने घर जा रहे थे। बस सोमवार सुबह पुणे से निकली थी। घायलों का इलाज नजदीकी अस्पताल में जारी है।

# अब 79 नए आधार केन्द्रों पर होगा आधार पंजीयन एवं अपडेट का कार्य

### विभिन्न शासकीय कार्यालय में ऑपरेटरों को यूआईडीएआई की गाइडलाइन अनुसार कार्य करने के दिए निर्देश




**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में आधार पंजीयन एवं अपडेशन के लिए ई गवर्नेंस सोसायटी के स्वामित्व की आधार किट पर सुपरवाइजर की आईडी प्राप्त हुई है। जिन्हें यूआईडीएआई की गाइडलाइन अनुसार विभिन्न शासकीय कार्यालय में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिससे आधार संबंधी कार्यों के लिए आने वाले लोगों को अब सुविधा होगी। विगत कुछ दिनों पूर्व 37 नए आधार केंद्र स्थापित किए गए थे जबकि अभी 42 नए केंद्र और जोड़े गए हैं जिससे अब 79 आधार केंद्र की सुविधा है जिन्हें विभिन्न शासकीय कार्यालय में स्थापित किया गया है जहां आधार किट की सुविधा रहेगी जिससे लोगों को आधार बनवाने एवं आधार में अपडेट करने संबंधी कार्य में कोई समस्या ना आए। जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक ने बताया कि अब जिले में 79 आधार किट के साथ नए केंद्र हैं जिनमें बदरवास में 4, करेरा 6 खनियाधाना 9, कोलारस 10, नरवर 11, पिछोर 7, पोहरी 11, और शिवपुरी में 11 आधार केंद्र बनाए गए हैं। अभी 42 नए आधार केंद्र जिसमें बदरवास जनपद ऑफिस, तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएम राइज स्कूल बदरवास, करैरा में जनपद पंचायत कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खनियाधाना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनपद पंचायत खनियाधाना, कोलारस में पुराना तहसील परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलारस, नगर परिषद मगरौनी, जनपद पंचायत नरवर, नगर परिषद पिछोर, ग्राम पंचायत भौंती, तहसील कार्यालय पोहरी, फूड ऑफिस शिवपुरी, जनपद पंचायत शिवपुरी, बीआरसीसी ऑफिस शिवपुरी, नगर परिषद नरवर, सीएमएचओ ऑफिस शिवपुरी, पीएचई डिवीजन शिवपुरी, बीआरसीसी पोहरी बैराड, बीआरसीसी पोहरी, बीआरसीसी कोलारस, बीआरसीसी रनौद, बीआरसीसी पिछोर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनवाडा, बीआरसीसी खनियाधाना, ग्राम पंचायत खरई, सीएम राइज स्कूल नरवर, तहसील ऑफिस नरवर, ग्राम पंचायत खतौरा, मिडिल स्कूल छावनी शिवपुरी एवं कृषि उपज मंडी समिति शिवपुरी में आधार संबंधी कार्य के लिए नवीन आधार ऑपरेटर दिए गए हैं। यूआईडीएआई के निर्देशानुसार नवीन आधार पंजीयन निशुल्क, बायोमैट्रिक अपडेट की राशि 100 रूपये एवं डेमोग्राफिक अपडेट के 50 रूपये तक राशि निर्धारित की गई है। साथ ही सभी आधार ऑपरेटर को निर्देश दिए गए हैं कि वह रेट लिस्ट प्रदर्शित करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित की आईडी बंद कराई जाकर दांडिक कार्यवाही की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की घोषणा, बीएसएनएल ने चौथी तिमाही में 280 करोड़ रूपए का लाभ कमाया



**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आज घोषणा की कि बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रूपए का शुद्ध लाभ कमाया है। तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रूपए के लाभ के बाद यह लगातार दूसरी लाभदायक तिमाही है जो एक बड़े वित्तीय बदलाव का संकेत है। बीएसएनएल ने अपने वार्षिक घाटे को 58 प्रतिशत घटाकर 2,247 करोड़ रूपए कर दिया है, जो पिछले साल 5,370 करोड़ था। सिंधिया ने कहा कि यह उल्लेखनीय परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और सुधार-संचालित नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह बीएसएनएल के लिए एक स्थायी और लगातार लाभदायक वृद्धि को दर्शाता है, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में दर्ज किए गए शुद्ध लाभ के बाद है। एक घोषणा जो इस साल की शुरुआत में भी सिंधिया द्वारा की गई थी, जो उनके नेतृत्व में सुधार और परिचालन दक्षता के निरंतर प्रक्षेपवक्र को उजागर करती है। सिंधिया ने एक्स पर यह शानदार घोषणा करते हुए कहा- बीएसएनएल ने 17 वर्षों में पहली बार लगातार दो तिमाहियों में मुनाफा कमाया! अपने मुनाफे के रास्ते पर चलते हुए, बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 280 करोड़ रुपए का मजबूत शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 261 करोड़ रुपये के बाद लगातार दो तिमाहियों में मुनाफा कमाने का संकेत है। बीएसएनएल का लगातार बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्रित और सुधार-संचालित नेतृत्व को दर्शाता है। कंपनी ने 5,396 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड एबिटा भी दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 149 प्रतिशत की वृद्धि है, जिसमें 27 दूरसंचार सर्किल एबिटा-पॉजिटिव और 10 पीएटी-पॉजिटिविटी हासिल कर रहे हैं। मोबिलिटी, एफटीटीएच लीज्ड लाइनों और एसेट मोनेटाइजेशन में 77 प्रतिशत की उछाल के कारण राजस्व बढ़कर 20,841 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 में बीएसएनएल ने अब तक का सबसे अधिक 26,022 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया, जिसमें 4जी रोलआउट और फाइबर विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।

# करैरा पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टोरिया रोड ग्राम दाबरभाट से 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई कच्ची शराब की कीमत 12 हजार रूपए बताई गई है। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई के अनुसार अवैध शराब के खिलाफ अभियान के क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास टोरिया रोड ग्राम दाबरभाट से एक आरोपी राजा परिहार पुत्र सुरेश परिहार उम्र 23 वर्ष निवासी दाबरभाट को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो सफेद प्लास्टिक की केनों में 30-30 लीटर शराब कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जिसकी कीमत 12 हजार रूपए को जब्त किया है। आरोपी के विरुध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मामला पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी करैरा निरी. विनोद छावई, उनि रामानंद पचौरी, प्र.आर बीरेन्द्र सिंह, आर दीपेन्द्र गुर्जर, हिम्मत सिंह, विकास, संतोष पाठक की मुख्य भूमिका रही है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करते 18 बसों पर चालानी कार्रवाई, 9 हजार का शुल्क वसूला

**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा संपूर्ण जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोलारस में हाईवे पर पुलिस ने दलबल के साथ चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघन करने वाली 18 बसों पर चालान किये जिनसे 9000 रू. शमन शुल्क बसूला गया।

# भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान पर ली स्वच्छता की शपथ




**मुरैना,कांस।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर मध्य रेल झांसी मंडल द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड के निः शुल्क शीतल जल सेवा शिविर के पदाधिकारियों के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान दिनांक 22 मई से 05 जून तक चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत झांसी मंडल के मुरैना स्टेशन पर रेलवे कर्मचारी,भारत स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारी व समाजसेवियों के साथ मिलकर मीटिंग्स आयोजित की गयी जिसके अंतर्गत मुरैना स्टेशन प्रबंधक आर सी मीणा ने पोस्टर और पैंपलेट के माध्यम से यात्रियों व कर्मचारियों के बीच जाकर पर्यावरण में एकल उपयोग प्लास्टिक से हो रहें दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया और दैनिक जीवन में एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही कार्यस्थल पर अपने स्वयं के उपयोग के लिए पुनरू प्रयोज्य या स्टील से बनी सामग्री की बोतल और लंच बॉक्स लाने हेतु प्रेरित किया गया। रामनरेश डंडोतिया जिलाध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने अपने भाषण में कहा कि व्यक्तिगत आदतों एवं व्यवहारों में परिवर्तन लाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी करना होगा इसी क्रम में अगले वक्ता के रूप में नितिश कुमार बंसल जिला सचिव तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना होता है - परि + आवरण। पर्यावरण ( Environment) शब्द का निर्माण दो शब्दों से मिल कर हुआ है। ÷परि÷ जो हमारे चारों ओर है÷ ।पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने के लिए सभी के द्वारा शपथ ली गई। उपरोक्त कार्य आर सी मीणा स्टेशन प्रबंधक मुरैना के उचित मार्गदर्शन में संपन्न किया जा रहा हैं।इस कार्यक्रम में सर्व श्री रामनरेश डंडौतिया जिला अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ , नितिश कुमार बंसल जिला सचिव तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, गुड्डू खान समाजसेवी,सीताराम गुर्जर शिविर संचालक,डॉ राकेश कुमार शर्मा,कोक सिंह श्रीवाश,हरिओम तिवारी,सोबरन शर्मा, बनवारी लाल,राधेश्याम वर्मा, लाखन गुर्जर, महेन्द्र दंडोतिया, सुरेंद्र दंडोतिया, आर के शर्मा, सौरभ,सचिन, संजय दंडोतिया आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे !

# संगत संस्था द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को दिया गया टी एच पी पी एवं एम एम एच ए का प्रशिक्षण



**जौरा।** गर्भवती एवं धात्री माताओं के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विगत दिवस सिविल हॉस्पिटल जोरा के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संगत संस्था की जिला समन्वयक डॉ. निवेदिता अग्रवाल के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया जिसमें सिविल हॉस्पिटल जोरा के बीपीएम महेंद्र पाल सिंह, बीसीएम श्रीमती मधु सेमिल सहित संगत संस्था की साइकोलॉजिस्ट अमिता प्रभु सिंह एवं सुपरवाइजर श्रीमती रूबी शुक्ला, सत्येंद्र बैरागी आदि लोग मौजूद रहे। प्रशिक्षण में उपस्थित आशा सहयोगिनी एवं आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमिता प्रभु सिंह द्वारा कहा गया कि मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति यह प्रशिक्षण इस उद्देश्य के साथ दिया जा रहा है कि सभी आशा सहयोगिनी एवं आशा कार्यकर्ता दीदी प्रशिक्षण उपरांत अपने-अपने क्षेत्र में गर्भवती एवं धात्री माताऔ की सहेली बन कर उन के तनाव से मुक्ति हेतु उन्हें सहयोग कर उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगी क्योंकि यह कार्यक्रम सखियों द्वारा दिये गये विचारों का कार्यक्रम एवं मातृ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का कार्यक्रम है । हम सब का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न होने वाली जिज्ञासा, समस्याओं एवं तनाव से उन्हें दूर कर उचित मार्गदर्शन प्रदान करना है। प्रशिक्षण में संस्था की सुपरवाइजर श्रीमती रूबी शुक्ला द्वारा भी मानसिक स्वास्थ्य, शिशु उचित देखभाल एवं स्तनपान आदि के प्रति प्रशिक्षित किया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में एनसीसी टीम ने रंगारंग प्रस्तुति दी




**मुरैना,कांस।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक1 मुरैना मे 3 एम पी नेवल युनिट एन सी सी ग्वालियर के तत्वाधान में विकसित भारत अभियान के तहत एन सी सी अधिकारी कविता सारस्वत के निर्देशन मे एन सी सी कैडेट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी ।कैडेट गौरी ने विकसित भारत के सभी पक्षों पर प्रकाश डाला व अन्य कैडेट्स ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।कैडेट गौरी तोमर ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बताया कि विकसित भारत यानी प्रगतिशील भारत।आज हम देखें तो हमारा भारत तेजी से विकसित हो रहा है. भारत देश हर एक क्षेत्र मे तेजी से विकास के पथ पर चल रहा है।आज हम बात करें भारत देश की सुरक्षा सेनाओं की तो हमारी सेनाओं मेअब ऐसे शस्त्र बन चुकेहैंजो आसानी से दुश्मन का खात्मा कर सकते हैं।

# धौलपुर में जनसेवाओं की समग्र समीक्षा, पेयजल-विद्युत-स्वास्थ्य व्यवस्था पर जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** जनसेवाओं को सतत और सुचारु बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, शहरी स्वच्छता, चिकित्सा, बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने विशेष रूप से गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति की सतत मॉनिटरिंग और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद को मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश भी दिए गए ताकि शहर जलभराव से मुक्त रह सके। विद्युत निगम को उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण, ढीले विद्युत तारों को ठीक करने तथा मौसम जनित बाधाओं को शीघ्र सुधारने हेतु टीम बनाकर कार्य करने को कहा गया। साथ ही अवैध बिजली कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाने और नए कनेक्शनों की समय पर स्वीकृति के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को हीटवेव के दृष्टिगत सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं, उपकरणों एवं स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था करने, और अवैध क्लिनिक एवं झोलाछाप डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध धरातल पर उतारना सभी विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयसीमा में निस्तारण पर भी विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए जन समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, एडीएम हरिराम मीना, एसडीएम साधना शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नालसा के साथी कैंपेन के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं जाने हेतु निराश्रित बच्चों का कराया जाएगा आधार पंजीयन- रेखा यादव

### निराश्रित बच्चों के चिन्हीकरण एवं योजनाओं का लाभ दिलवाने में आमजन करें सहयोग- रेखा यादव

**धौलपुर ब्यूरो।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण SAATHI Campaign Document & "survey for Aadhaar and Access to Tracking & Holistic Inclusion योजना के तहत गठित जिला साथी समिति के सदस्यो के साथ ऑनलाईन मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे सचिव द्वारा ऑनलाईन जुड़े जिला साथी समिति के सदस्यो को अवगत कराया कि नालसा के साथी कैम्पेन पहचान और गरिमा, आधार पंजीकरण और निराश्रित बच्चों का कानूनी सशक्तिकरण के सफल कियान्वयन हेतु अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा जिला साथी समिति का गठन किया जा चुका है। इस योजना के तहत बेसहारा बच्चों की पहचान करना और उन्हें आधार नामांकन, कानूनी सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है तथा यह सुनिश्चित करना कि कोई भी बच्चा कानूनी पहचान या अधिकारों और हकों तक पहुंच के बिना न रहे। आधार के लिए सर्वेशन और ट्रैकिंग एवं समन समावेशन तक पहुंच की जावे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) और (एफ) को बनार बचाए रखने और समान न्याय प्रदान करने के अपने अधिदेश के तहत निराश्रित बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करने और सामाजिक कल्याण तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान साथी शुरू की गई है। सड़कों पर या देखभाल सुक्षों में रहने वाले ऐसे कई बच्चों के पास आधार नहीं है- जो सरकारी लाभ का स्वास्थ्य सेवा और विभिन्न बाल कल्याण कानूनों के तहत सुरक्षा साम करने का का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। साथी योजना का लक्ष्य जिला विधिक सेवा प्रकरण डीएलएसए के नेतृत्व में एक मिशन मोड दृष्टिकोण में सर्वेक्षण आधार पंजीकरण और कानूनी सहायता के माध्यम से इस अंतर को पाटना है। साथी आधार और ट्रैकिन एवं समग्र समावेशन तक पहुंच के लिए सर्वेक्षण यह दर्शाता है कि यह प्रणाली हर कमजोर बच्चे का साथी बन रही है यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी पीछे न छूट जाए। इस अभियान के उद्देश्य के लिए निराश्रित बच्चों को इस प्रकार परिभाषित किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिनके पास परिवार का समर्थन संरक्षकता या आश्रय सत्कन और देखभाल का कोई स्थिर स्रोत नहीं है जिनमें सड़कों, झुग्गी-झोपड़ियों या रेलवे स्टेशनों पर रहने वाले बच्चे शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है. बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले नहीं रहने वाले अनाथ बच्चे परित्यक्त बच्चे या तस्करी भीख मांगने वाले बाल श्रम से बचाए गए बच्चे अनौपचारिक आश्रयो या अपंजीकृत बाल देखभाल गृहों में रहने वाले बच्चे लापता बच्चे जो बरामद हुए है और जिन्हें परिवार को नहीं सौंपा गया है। सर्वेक्षण एवं पहचान सड़कों देखभाल गृहों आश्रय गृहों अनाथालयों, बाल देखभाल सस्थानों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पारगमन बिंदुओ पर बेसहारा बच्चों का मानचित्रण। आधार पंजीकरण सुविधा यूआईडीएआई, बाल कल्याण समितियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय, ताकि बाल आधार नामांकन और जारी करना सुनिश्चित किया जा सके। कानूनी सहायता और योजना संबंध बच्चों को आरटीई अधिनियम किशोर न्याय अधिनियम पोक्सो और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत अधिकारों से जोड़ना, निगरानी, दस्तावेजीकरण और समीक्षा दीर्घकालिक समावेशन के लिए नियमित ट्रैकिंग, विजिटल दस्तावेजीकरण और डेटा समेकन, आदि के बारे मे विस्तार से बताया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No:-DRM/C/AGRA/Parcel/E-AUCTION दिनांक:- 23.05.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| श्रेणी | एसेट्स डिटेल्स | |
|---|---|---|
| पार्सल | 1. गाड़ी संख्या 12178 में (01) (F1) एसएलआर | ई-निलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय |
| | 2. गाड़ी संख्या 12195 में (01) (R1) एसएलआर-मंगलवार, गुरूवार & शनिवार | |
| केटलॉग संख्या | 3. गाड़ी संख्या 15055 में (01) (F1) एसएलआर | दिनांक:- 09.06.2025 समय- 11:00 |
| | 4. गाड़ी संख्या 05914 में (01) (F2) एसएलआर-सोमवार, मंगलवार, गुरूवार | |
| AGRA-LEASING-39 | 5. गाड़ी संख्या 20976 में (01) (F1) एसएलआर | |
| | 6. गाड़ी संख्या 05914 में (01) (F1) एसएलआर | ई-निलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
| | 7. गाड़ी संख्या 12180 में (01) (F1) एसएलआर | |
| | 8. गाड़ी संख्या 22988 में (01) (F1) एसएलआर | |
| | 9. गाड़ी संख्या 11902 में (01) (F1) एसएलआर | |
| | 10. गाड़ी संख्या 12195 में (01) (R1) एसएलआर-रविवार, बुधवार & शुक्रवार | |
| | 11. गाड़ी संख्या 19818 में (01) (R1) एसएलआर | दिनांक:- 09.06.2025 समय- 13:30 |
| | 12. गाड़ी संख्या 12162 में (01) (F1) एसएलआर | |
| | 13. गाड़ी संख्या 11905 में (01) (F1) एसएलआर | |

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 909/25 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेण्डर नोटिस नं0 07/2025 दिनांक: 23.05.2025

**ई-टेण्डर नोटिस**

वरि.मं.सिग. एवं दूर सं. इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैः

| क्र.सं.: 01 | ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-19 | कार्य की लागतः Rs.1,58,02,129.42 |
|---|---|---|

कार्य का नामः आगरा मंडल में एसएमएमएस (सिगनलिंग रखरखाव प्रबंधन प्रणाली) में एसएंडटी गियर के रखरखाव के लिए वर्क स्टेशन का प्रावधान का कार्य ।

निविदा बंद दिनांकः- 16.06.2025, निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15:00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। 903/25 (D)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या : AGC-EL-GSU-T-04-25 दिनांक : 23.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप. मुख्य विद्युत अभियन्ता, (गति शक्ति), एन.सी.आर. आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाइन (E-TENDERING) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| टेंडर संख्या : AGC-EL-GSU-T-04-25 | कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 10498679.07 |
|---|---|

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि : मथुरा-पलवल सेक्शन में रूंधी स्टेशन पर पायथन ट्रेनों के संचालन के लिए लम्बी लूप लाइन के प्रावधान से संबंधित विद्युत टीआरडी कार्य + आगरा डिवीजन के माल शेडों (केएसवी, एमटीजे, आदि) का विकास।

टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक, 16.06.2025 को 12:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।

समापन अवधि : 09 महीने

पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देंखे। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 12:00 बजे तक दिनांक 16.06.2025 तक टेंडर डाल सकते है। 910/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# जनसुनवाई में आने वाले आवेदनकर्ता की समस्या का समाधान समय सीमा में हो- कलेक्टर

## जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने 147 आवेदनकर्ताओं को सुना



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रट मुरैना में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने 27 मई को जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान 147 आवेदन प्राप्त हुये। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ता को दिया। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में बैठे सभी अधिकारियों को कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने निर्देश दिये कि प्राप्त होने वाले आवेदनों का समाधान समय सीमा में करने के निर्देश दिये। 147 आवेदनों में से 9 आवेदन ऐसे पाये गये जिनका समाधान टीएल बैठक में करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत तिलावली के सियाराम सिंह सिकरवार ने आवेदन प्रस्तुत किया कि पीडब्ल्यूडी रोड का एसडीओ श्री तोमर सीमांकन का आदेश तहसीलदार को दें ताकि तिलावली क्वारी पुल पर बन सके। धोबिनी का पुरा ग्राम तिलावली से मंजीत पुरा के लिये रास्ता बन सके। तत्कालीन विधायक इस रोड का भूमिपूजन 5 वर्ष पहले कर चुके हैं। कलेक्टर ने जनसुनवाई में भी कार्यपालन यंत्री पीडब्लयूडी को प्रकरण संज्ञान में लेकर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार खेमरिया वाली मस्जिद के पास महावीर पुरा निवासी जमील खान पुत्र मुनीर खान ने आवदेन प्रस्तुत किया है कि पुत्र एवं पुत्रवधू परेशान करते हैं। स्वयं के मकान में रहने नहीं देते हैं। हम परिवार के साथ बाहर किराये से रहते हैं। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह को भरण पोषण अधिनियम के तहत पुत्र सोहेल और पत्नी मुस्कान के विरूद्ध मामला दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय महचंद पुर के प्राथमिक शिक्षक श्री द्वारिका प्रसाद ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि मेरे ही संकुल के शिक्षक मेरी वर्ष 2020-21 में वेतन विसंगति को सुधारने का कार्य नहीं कर रहे हैं। मैं कई बार उनसे आग्रह कर चुका हूं। इस पर कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षाधिकारी को प्रकरण में कार्यवाही करने तथा टीएल बैठक में समाधान पर अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार जनसुनवाई में कब्जा हटवाने, भूमि से शासकीय रास्ता हटवाने, नामांतरण, बंटवारा, विद्युत, राशन आदि के आवेदन प्राप्त हुये जिनका निराकरण कलेक्टर ने बारी-बारी से सुनकर अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर श्री राजन बी नाडिया, श्री वीरेन्द्र कटारे, एसडीएम मुरैना बी.एस. कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा सहित समस्त जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान, अम्बाह शाखा नहर की जन भागीदारी, जन सहयोग से साफ-सफाई की



**मुरैना,कांस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा सवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान को मूर्तरूप देने के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में मुरैना जिले में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के अन्तर्गत जन सहयोग से साफ-सफाई, श्रमदान एवं नहर, तालावों के आसपास की सफाई का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग मुरैना के मार्गदर्शन में जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 2 मुरैना के उपयंत्री श्री सुरेश चन्द्र शर्मा, श्री देवेन्द्र कुमार गौड़, श्री मुलायम सिंह तोमर, श्री विनोद सिकरवार तथा विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा सोमवार को ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' 2025 के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की वितरिका 17 आर/एबीसी की आर.डी. 1500 मी. पर पुलिया के अपस्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में जंगल सफाई एवं मिट्टी हटाने का कार्य जन भागीदारी तथा जन सहयोग से किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने विभागीय मैदानी कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र विजयपुर द्वारा बीरपुर में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**वीरपुर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की विजयपुर शाखा द्वारा वीरपुर में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी बीके शशि बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि ध्यान और योग के अभाव में जीवन में खालीपन और मन में भारीपन रहता है। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान और योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण का विशेष आयोजन हुआ। जिसमें गीता पाठशाला में वीरपुर की माता-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन में सभी ने ईश्वरीय प्रसाद ग्रहण किया और संकल्प लिया कि वे नित्य ज्ञान और योग के सत्संग में शामिल होंगे, जीवन में अच्छाइयों को अपनाएंगे तथा परिवार में सुख-शांति स्थापित करेंगे, ताकि उनका घर मंदिर के समान बन सके। यह आयोजन उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणादायी रहा और उन्होंने इसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बताया।



# नवांकुर संस्था द्वारा पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन

**विजयपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान की नवांकुर संस्था माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति पार्वती बड़ौदा द्वारा वट सावित्री पर्व एवं सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन पार्वती बड़ौदा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर किया गया।इस गोष्ठी में ÷भारतीय संस्कृति में पौधों का महत्व÷ विषय पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं द्वारा अपने हाथों में मेहंदी रचाकर जल संरक्षण की शपथ भी ली गई।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लाली शर्मा, सहायिका श्रीमती बैकुंठी गोस्वामी, ग्राम की महिलाएं, किशोरी बालिकाएं तथा नवांकुर संस्था की ओर से नितेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण समुदाय में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करने का प्रयास सराहनीय रहा।

# ओ.आई.सी. श्रीमती सुमन डंगस ने जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में ली समीक्षा बैठक



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में 26 मई 2025 को दोपहर 2ः00 बजे ओ.आई. सी. राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल श्रीमती सुमन डंगस ने कैलारस क्षेत्र के स्कूल शासकीय माध्यमिक विद्यालय शक्कर कारखाना का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विभिन्न कॉम्पोनेंट्स की जानकारी ली तथा प्रधानाध्यापको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा सभी समीक्षा बैठक में ओईसी मैडम सुमन डंगस ने नामांकन, पुस्तक वितरण, शौचालय कार्य, सीएम हेल्पलाइन, निर्माण कार्य, मॉनिटरिंग कार्य ,आदि अन्य कॉम्पोनेन्टस पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर खंड स्त्रोत समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए बैठक को बीआरसी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह धाकड़ ने भी संबोधित किया तथा सभी को समय सीमा में कार्य को पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए बैठक में प्रमुख रूप से जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी प्रियाशरण दीक्षित जिला उपयंत्री पंकज कुलश्रेष्ठ, उपयंत्री बी .अग्रवाल, मुकेश धाकड़ पहाड़गढ़ एवं समस्त बीएसी एवं जनशिक्षक विशेष रूप से उपस्थितरहे ओआईसी मैडम ने निर्माण कार्यों को 15 जून से पूर्व करने के सख्त निर्देश दिए।

# निजी मंदिर से आम के हरे पेड़ काटने वालो पर तीन दिन तक कोई कार्यवाही नही हुई

## 100 वर्ष पुराने पेड़ो को काटने से रोकने के लिए वैश्य परिवारों ने दिया आवेदन, चोरी से हरे पेड़ आम के काट लिए



**कैलारस।** के कोटसिथरा गांव में निजी मंदिर की जमीन से रात्रि में 100 वर्ष पुराना आम का पेड़ काट लिए जिसकी जानकारी हमको मिली तो हमने तहसीलदार कैलारस ओर पहाडगढ़ थाने में आवेदन दिया है जिस पर हल्का पटवारी कृष्णकान्त मुदगल ने मौका जाँच कर पंचनामां बनाकर कटी हुई लकड़ी को एकत्रित कर चौकीदार के सुपुर्द कर दिया है। गांव में वैश्य वर्ग के लोगो की जमीन सर्वे नम्बर 180 रकवा 0.167 है जिसमे मकान एव मंदिर बगीचा वर्षो पुराना है पर घनश्याम पुत्र ओमप्रकाश बंसल कुछ समय पहले कैलारस निवास करते है अब ग्रामीणों ने बताया कि तुम्हारे बगीचे के पेड़ आम के काट लिए है तब हमको पता लगा गांव कोटसिथरा पहुँचे तो लाखों रुपये के हरे पेड़ काट डाले जिसकी हमने तहसील कैलारस से लेकर पहाडगढ़ थाने में आवेदन दिया है पर आज तक कोई कार्यवाही राजस्व विभाग ने नही की है। शिकायत करने वाले घनश्याम बंसल ने बताया कि गजराज धाकड़ , मुनेश धाकड़ निवासी मामचौन यह पेड़ को काट ले गए है ऐसा ग्रामीणों द्वारा बताया गया है । यह लोग ग्रामीण क्षेत्र से हरे पेड़ काटकर शहरों में आरा मशीनों पर बेचते है ग्राम कोटसिरथरा में सर्व नंबर 180 ग्राम आबादी की भूमि हे जिसमें हमारा देव स्थान ओर बगीचा हे जिसमें आम शीशम नीम के पेड़ लगे हुए थे जिन्हें मामचोन के गजराज धाकड़ मुनेश धाकड़ काट ले गए जिसकी शिकायत हमने तहसील एवं थाने में की हे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई हे।

**घनश्याम बंसल कोटसिरथरा, हाल निवाशी कैलारस**

हमारे पास शिकायत आई थी कि गांव कोटसिथरा में अवैध रूप से बिना परमीशन बिना सूचना के हरे पेड़ काटे गए है हम मौके पर पहुँचे तो देखा आम का पेड़ कटा हुआ डला है पूरी लकड़ी को एकत्रित करवा कर चौकीदार के सुपर्द रखवाया है पंचनामा बनाकर रिपोर्ट तीन दिन पहले ही तहसीलदार कैलारस को सौप दी है

**हल्का कोटसिथरा, पटवारी कृष्णकांत मुदगल**

# नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से पानी बचाने का दे रहे संदेश



**मुरैना,कांस।** ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के छात्र-छात्राएं जो चित्रकूट विश्वविद्यालय से संचालित सीएमसीएलडीपी के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के कोर्स में शिक्षारत हैं, उनके द्वारा जीवाजी गंज पार्क में एक नुक्कड़ नाटक और गीत का प्रदर्शन किया गया। इस गीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं के समूह ने उपस्थित समूह को जल बचाने का संदेश दिया। वहीं नाटक के माध्यम से बताया कि जल संवर्धन कितना महत्वपूर्ण है और आने वाले 10 वर्षो के बाद हमारे ही जिले में क्या स्थिति होने वाली है, उपस्थित दर्शकों ने गीत और नाटक को खूब सराहा। कार्यक्रम में छात्रों की ओर से नेतृत्व करने वाले हीरेस ने सभी छात्रों को संगठित कर गीत की धुन तैयार की और नाटक के निर्देशन का कार्य ड्रामा आर्टिस्ट विकास सिंह गोयल ने किया। समूह में शामिल छात्र अंकित, वैशाली, आकांक्षा, सपना, हिमानी, अमित, पंकज, मोनिका वर्मा, स्वेता, ज्योतिका, मोक्ष कुमार गुप्ता, राशि, विकास, दीपक, सीपी तोमर, शिवानी जैन, संजीव खेमरिया, बृजेश राय, सपना तोमर एवं मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ सहित जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री अनिल कुमार मोदी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत जन अभियान परिषद के महत्वपूर्ण कार्यों में है। इस कार्यक्रम को जन आंदोलन का रूप देना होगा, तभी हम जल संवर्धन और जल संरक्षण कर पाएंगे नहीं तो वह दिन दूर भी जब हम अपनी अमूल्य धरोहर पानी को खत्म कर देंगे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ ने किया।

# वीरपुर में पत्रकार पर झूठी एफआईआर, एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)






**विजयपुर।** पीटीआई न्यूज एजेंसी के पत्रकार बट्टन उर्फ ओमप्रकाश पाठक के खिलाफ वीरपुर पुलिस द्वारा दर्ज की गई कथित झूठी एफआईआर को लेकर पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश है। जिला श्योपुर के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने विजयपुर एसडीओपी को आवेदन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, वीरपुर निवासी पत्रकार बट्टन पाठक को ज्ञानेन्द्र शुक्ला नामक व्यक्ति ने द्वेषवश गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। यह घटना तब हुई जब पत्रकार पाठक किसी खबर के सिलसिले में तिवारी मैरिज गार्डन के बाहर खड़े थे। उन्होंने तत्काल वीरपुर थाने पहुंचकर रात लगभग 9 बजे इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन कुछ ही घंटों बाद, आरोपी के प्रभाव में आकर पुलिस ने उल्टा पत्रकार के खिलाफ ही गैर-जमानती धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी।जिसे पत्रकारों ने सरासर अन्याय और दबाव में की गई कार्रवाई बताया है। पत्रकार समुदाय का कहना है कि बट्टन पाठक लंबे समय से पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनकी छवि एक ईमानदार एवं निष्पक्ष पत्रकार की रही है। इस तरह की झूठी एफआईआर यदि मीडिया कर्मियों पर दर्ज होती रहीं तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुठाराघात है और पत्रकारिता जैसे जिम्मेदार पेशे पर सीधा हमला है। पत्रकारों ने मांग की है कि उक्त एफआईआर को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और झूठी शिकायत करवाने वाले व उसके पीछे संलिप्त पुलिसकर्मियों पर उचित विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

# पात्र हितग्राहियों को जून माह में जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन एकमुश्त वितरित किया जाएगा

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार मुरैना जिले में आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ के कारण राशन सामग्री, परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण एवं पात्र परिवारों को समय-सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध करने के लिये एनएफएसए, पीएमजीकेएवाय के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 तक (तीन माह) एकमुश्त खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मुरैना जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों को सूचित किया है कि वह माह जून 2025 के वितरण के समय माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 तक (तीन माह का) खाद्यान्न एकमुश्त अपनी संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त करें। खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट खाद्य कार्यालय मुरैना एवं अनुविभाग स्तर पर सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कार्यालय में संपर्क करें।

# वन विभाग ने अभियान चलाकर अवैध कटी हुई खैर की लकड़ी जप्त की



**कैलारस।** श्रीमान मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर के मार्गदर्शन में, श्रीमान वन मण्डलाधिकारी मुरैना के निर्देशन एवं श्रीमान उप वन मण्डलाधिकारी सबलगढ कि नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी पहाडगढ़ एवं वन अमले द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत चोरी छिपे की गई खैर वृक्षों की अवैध कटाई के विरूद्ध लगातार विशेष अभियान चलाकर गश्ती की गई। आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध कायम किये गए एवं विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखी कटी हुई खैर लकडी पहाडगढ क्षेत्र अंतर्गत लगभग 06 घ0मी0 एवं चौकी कन्हार क्षेत्र अंतर्गत लगभग 05 घ0मी0 की जप्ती कर सुरक्षित स्थान पर रखवाई गई। इसी क्रम में दिनांक 12.03.2025 को बीट राजपुर में गश्ती के दौरान अवैध खैर लकडी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली एवं मौटर साइकिल जप्ती की गई जिसकी राजसात प्रक्रिया प्रचलन में है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 24.05.2025 को दबिश देकर अवैध खैर कटाई में संलिप्त आरोपी राजू गुर्जर पुत्र सोबरन गुर्जर निवासी मरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जौरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी की जमानत याचिका निरस्त करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया। अवैध खैर कटाई के नियंत्रण हेतु वन परिक्षेत्र पहाडगढ के वन अमले एवं एसएएफ पुलिस वल के सहयोग द्वारा गश्ती अभियान लगातार जारी है शेष आरोपियों की गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त की गई कार्यवाही में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती हिनाखॉन एवं श्री कीर्ति कुमार शॉडिल्य चौकी प्रभारी कन्हार, श्री नबावसिंह धाकड चौकी प्रभारी पहाडगढ, श्री अशोक कुमार शाक्य का0वा0 वनपाल, श्री धर्मबीर मौर्य, श्री मीनू डण्डौतिया, श्री प्रताप धाकड, श्री मनीष भटेले वन रक्षक समस्त वन स्टाप एवं एसएएफ पुलिस वल शामिल रहे।

# युवक ने फांसी लगाई

**मुरैना,कांस।** पोरसा थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मगढ में रहने वाले भूरेलाल पुत्र परमाल उसका पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी हरिगोविन्द पुत्र गवदू प्रजापति की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार एक अन्य जानकारी के अनुसार कैलारस थाना क्षेत्र में बडे गॉव के संतोषी सिकरवार के खेत में खडे बबूल के पेड से फांसी का फन्दा लगाकर धर्मेन्द्र पुत्र गोपाल शाक्य उम्र 27 साल ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना प्रजापति उम्र 36 साल ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर के कमरे में फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुॅच कर शव का मौका पंचनामा बनाकर पुलिस ने फरियादी अंकित पुत्र गोपाल शाक्य निवासी सिगरोली थाना चिन्नौनी हाल खुमानपुरा रोड की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम जांच में लिया गया है।

# नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल ने दी श्रद्धांजलि



**मुरेना,कांस।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल मुरैना प्रदीप रजक, समेत कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने एमएस रोड स्थित नेहरू पार्क में उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि और पुष्प माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि है। 27 मई 1964 को जवाहर लाल नेहरू का निधन हो गया था। पुण्यतिथि के अवसर पर सभी कांग्रेस जनों ने बड़ी-बड़ी से 'पुण्यतिथि पर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर, 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद वो स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने. संसदीय सरकार की स्थापना और विदेशी मामलों पर गुटनिरपेक्ष नीतियों की शुरुआत जवाहरलाल नेहरू की ओर से हुई थी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम राज मुद्गल वरिष्ठ कांग्रेस के नेता हरिशंकर शर्मा जी अब्दुल रज्जाक पटेल राजकुमार पाठक रामस्वरूप महावर राजीव यादव पप्पू दीक्षित रईस खान हरीश पाठक फैजान पठान गजेंद्र सिंह राजेश राठौर सरफुद्दीन खान सभी कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में नशा मुक्ति संबंधी बैठक सम्पन्न

**मुरैना,कांस।** मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध आबकारी विभाग के द्वारा नियमित कार्यवाही किये जाये।नशीले पदार्थों के उत्पादन,परिवहन एवं उनके विक्रय पर निगरानी रखी जाए जिले में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे नव युवकों में नशे की प्रवत्ति उत्पन्न ना हो।सभी वालंटियर्स को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाए।यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने नशा मुक्ति की बैठक में संबधित अधिकारियों को दिए बैठक में डिप्टी कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि, समस्त एसडीएम, आबकारी विभाग,आरटीओ,जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी सहित कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नशीले पदार्थों के उत्पादन, परिवहन एवं विक्रय के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाये। विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में नव युवकों में नशे की प्रवृति उत्पन्न न हो, इसके लिये विद्यालयों, महाविद्यालयों में अधिक से अधिक जन जागृति कार्यक्रम किये जाने, जिले के कलापथक दल द्वारा नुक्कड नाटक, चलचित्र के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जाए जिसमे ब्लॉक स्तर पर दीवार लेखन, बैनर, पोस्टर, पैम्पलेट के माध्यम से जन जागृति लाने का प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन जागृति संबंधी कार्य कराये जाये। महिला एवं बाल विकास के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के द्वारा ग्राम एवं वार्ड स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम किये जाये। अशासकीय संस्था एवं जन अभियान परिषद द्वारा नशे के प्रति जन जागृति कार्यक्रम मासिक रूप से आयोजित करने हेतु निर्देशित किया जाये। उन्होंने ने कहा कि मास्टर ट्रेनर एवं मास्टर वांलिटियर्स के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शासकीय एवं अशासकीय विभागों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाये।



# कूलर में करंट आने से महिला की मौत

**मुरैना,कांस।** माता बसैया थाना क्षेत्र के ग्राम तिवारी के पुरा में निवास करने वाली महिला श्रीमती रूपा पत्नी सुनील प्रजापति उम्र 25 साल अपने घर पर लगे कूलर में पानी भर रही थी कि इसी दौरान कूलर में करंट आने से महिला उसकी चपेट में आ गई और करंट से महिला की मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी रामसिंह पुत्र शिवनारायण प्रजापति की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| **श्रेणीः** पी.एम.बी.जे.के | **केटलोग संख्याः** PMBJK-VGLJ-1-25 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्सः** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधिक केंद्र (पी.एम.बी.जे.के) का तीन वर्षों के लिए रखरखाव एवं संचालन।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक **06.06.2025** समय **10.30** बजे।

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक **06.06.2025** समय **11.00** बजे।

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट के अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।

**912/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# कर्मचारियों के हित में है प्रदेश का हित, प्रदेश के हित में राष्ट्र का हित : मुख्यमंत्री

## राज्य कर्मचारियों का बीमा भी कराएगी सरकार

## मंत्रालयीन कर्मचारी परिवार ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान

## तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## रिक्त पद भी भरेंगे, पदोन्नति का रास्ता भी निकाल रहे हैं - मुख्यमंत्री







**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंगलवार को मंत्रालय परिसर में मंत्रालय कर्मचारी परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। मंत्रालय परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कमल पुष्प की रजत प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी राज्यकर्मी सम्मान और साधुवाद के पात्र हैं, क्योंकि इनकी कर्मठता और सामूहिक परिश्रम से ही मध्यप्रदेश आज देश के अग्रणी राज्य के रूप में पहचाना जा रहा है। राज्यकर्मी सच्चे अर्थों में कर्म योगी है। ये प्रदेश की शासन और प्रशासन व्यवस्था की धुरी हैं। राज्यकर्मी पूरी निष्ठा और मेहनत से अपने पदीय दायित्व निभाएं, इनके सभी हितों और अनुलाभों (इंसेंटिव्स) का सरकार पूरा-पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी रिक्त पदों को क्रमश= भरने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जल्दी ही सभी रिक्त पद भरे जाएंगे। पदोन्नति वाले मसले पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस मामले से जुड़े दोनों पक्षों के साथ चर्चा कर शासकीय सेवकों को पदोन्नति देने के लिए राज्य सरकार पूरी गंभीरता से सभी जरूरी कदम उठा रही है। जल्द ही मामले का सकारात्मक समाधान निकालकर पात्रों को पदोन्नति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी राज्य कर्मचारियों का बीमा कराने की मंशा से आगे बढ़ रही है। सरकार की मंशा है कि सभी राज्य कर्मियों के खुद के मकान भी हों। राज्य कर्मियों को अपने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में सरकार मदद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कर्मचारी-अधिकारी की क्षमता और योग्यता का पूरा लाभ लेंगे और प्रदेश की बेहतरी के लिए उसका सदुपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यकर्मी शासन व्यवस्था का अभिन्न अंग है इसलिए इनके हित संवर्धन के लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में प्रदेश का हित है और प्रदेश के हित में ही राष्ट्र का हित है। कार्यक्रम के संयोजक श्री सुभाष वर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन देकर केन्द्र सरकार के समान राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता व अन्य सभी कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार जताया और अपना मांग पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलन एवं भारत माता के चित्र पर मार्ल्यापण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्रालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय परिवार द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया और यात्रा को उसके गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया।

# कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर समय-सीमा में करें भर्ती : उप मुख्यमंत्री

## यूजी पीजी सीट के लिए अधोसंरचना विकास और उपकरण खरीदी कार्य प्राथमिकता से करें पूर्ण



**भोपाल ब्यूरो।**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर समय-सीमा में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा स्वीकृत पदों की भर्ती में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने यूजी/पीजी सीट्स के अपग्रेडेशन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेजों में सीट वृद्धि के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। साथ ही आवश्यक उपकरणों की खरीदी प्रक्रिया को भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए जिससे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सभी मापदंड निर्धारित समय में पूरे किए जा सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नियमित फॉलो-अप कर कार्यों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने यह भी निर्देश दिए कि ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिंदी में एमबीबीएस के लिए आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता मेडिकल कॉलेज में सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर में एमपीएल टी-20 महिला पुरूष क्रिकेट मैच 12 जून से

## - जीडीसीए के उपाध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने रंगारंग समारोह में किया जर्सी अनावरण

**ग्वालियर। कांस**

ग्वालियर में एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 12 से 24 जून तक श्रीमंत माधवराव सिंधिया अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम शंकरपुर के मैदान पर किया जायेगा। इसका नाम सिंधिया कप 2025 रखा गया है। इसमे फटाफट क्रिकेट टी-20 की महिला एवं पुरूष की दोनों टीमें भाग लेंगी। वूमेंस चैम्पियनशिप मैच 23 जून को खेला जायेगा। वहीं पुरूषों का फाइनल मैच 24 जून को खेला जायेगा।

ग्वालियर डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष



को ग्वालियर में एक रंगारंग कार्यक्रम में एमपीएल टीमों की जर्सी अनावरण समारोह में यह

कि मध्यप्रदेश में क्रिकेट के लिये यह बड़ी उपलब्धि है कि मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग एमपीएल

महिला क्रिकेट टीम फटाफट क्रिकेट में अपने करिश्में दिखाएगी। युवराज सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार का क्रिकेट से बेहद करीबी व पुराना नाता है। इसी परंपरा को और आगे बढ़ाते हुये प्रदेश में टी-20 एमपीएल पिछले वर्ष शुरू की गई थी।

जिसमे प्रदेश के सभी संभागों की टीमें भाग ले रही है। इस वर्ष से महिला टीम भी शामिल हो रही है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। जीडीसीए के सदस्य सत्यजीत पाटनकर ने बताया कि पुरूषों की सात टीमें ग्वालियर चीता, जबलपुर रायल लायंस, बुंदेलखंड बुल्स, रीवा जैगुआर, भोपाल लैपर्ड, चंबल घडियाल व इंदौर पिंक पैंथर अपने जलबे दिखाएगी। वहीं महिलाओं की चंबल घडियाल, बुंदेलखंड बुल्स और भोपाल वाल्बस तीन टीमें टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। टीमों के जर्सी अनावरण समारोह में महाआर्यमन सिंधिया के साथ जीडीसीए के अध्यक्ष प्रशांत मेहता भी उपस्थित थे।

# रोटरी के नव निर्वाचित प्रान्तपाल प्रदीप पारासर का अभिनन्दन समारोह जून माह में, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया होंगे अतिथि

**ग्वालियर।कांस**



78 वर्ष पुराने रोटरी क्लब जिसकी स्थापना 30 जून 1947 को हुई थी। उस क्लब के सदस्य प्रदीप परासर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के निर्विरोध प्रान्तपाल चुने गये हैं। उल्लेखनीय है कि अभी तक ग्वालियर से स्वर्गीय पुत्तूलाल दुबे, भारत भूषण भार्गव, सतीश अजमेरा सहित डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, वीरेन्द्र वापना, आर.एस. राठी, भूपेन्द्र जैन, राहुल श्रीवास्तव के पश्चात 9वे प्रान्तपाल के रूप में प्रदीप पारासर निर्विरोध निर्वाचित हुये हैं। उनका कार्य क्षेत्र ग्वालियर चम्बल संभाग सहित 11 रेवेन्यू डिस्ट्रिक्ट में फैला हुआ है। नई दिल्ली में पूर्व प्रान्तपाल भूपेन्द्र जैन, प्रदीप पारासर, उदित चतुर्वेदी, रोहित जैन, पवन जैन शिवपुरी आदि ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जिस पर उन्होने अपनी सहमति व्यक्त की। आगामी जून माह में रोटरी क्लब ग्वालियर द्वारा सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट को साथ लेकर प्रदीप पारासर का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया होगे

# इंजीनियर ने एसएसपी से कहा - मेरे ऊपर किसी ने काला जादू किया है

**ग्वालियर। कांस**

उपनगर मुरार बारादरी चैराहा के पास मीरा नगर निवासी रजत कुमार गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक्स से इंजीनियरिंग पास आउट हैं। अभी वह खुद को एक बुलेट के शोरूम में बतौर मैनेजर पदस्थ बताते हैं। रजत कुमार गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चल रही जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी शिकायत की है। जब पुलिस अधिकारी को अपना शिकायती आवेदन दिया तो पुलिस अधिकारी भी आश्चर्य में पड़ गए। रजत कुमार ने बताया कि तंत्र-मंत्र करने वाला व्यक्ति मेरे रिश्तेदारों, दोस्तों और देवी-देवताओं के संबंध में गलत, गंदे पिक्चर और विचार मेरे मन में भरता है। जिससे मैं और मेरा पूरा परिवार बदनाम हो रहे हैं। यह व्यक्ति 2 साल से मुझे परेशान कर रहा है। मेरे घर के पास बाड़ा है जहां अंधेरे में लोग शराब पीते हैं। वहां बैठे लोगों पर मुझे संदेह है। एक बार नशे में वह वही बोल रहे थे जो मेरे मन में भेजते हैं। इंजीनियर ने बताया कि दो सप्ताह से मैं सो नहीं पाया हूं। मेरे कानों में आत्महत्या की बात कह रहे हैं। मुझ पर खुदकुशी का दबाव डाल रहे हैं। अब आरोपियों पर कार्रवाई के लिए मुझे पुलिस की मदद चाहिए। मुझे जिन पर संदेह है उनको उठाकर कड़ी पूछताछ की जानी चाहिए।



एएसपी निरंजन शर्मा का कहना है कि एक युवक ने शिकायत की है कि कोई उसके मन से खेल रहा है। उसे शक है कि उसके मन की बात वह पढ़ रहा है। उनके नाम भी बताए हैं। पहले संबंधित थाना को उन लोगों से पूछताछ के लिए कहा है। साथ ही युवक को अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए सलाह दी गई है।

# नारी सशक्तिकरण की दिशा में सामाजिक न्याय की भागीदारी

**भोपाल ब्यूरो।** मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ऐसी महिलाएं जो आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें आर्थिक और सामाजिक संबल प्रदान कर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रहा हैं। विभाग की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य नारी को सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। विशेष रूप से निर्धन परिवारों की कन्याओं और विधवा महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह सहायता योजना और मुख्यमंत्री कल्याणी (विधवा) विवाह सहायता योजना इसके सशक्त उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की कन्याओं के विवाह के लिये 55,000 रूपये की सहायता राशि दी जाती है।

# धामनोद नगर में एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से सीवरेज योजना प्रगति पर

## सीवरेज योजना की लागत 81.42 करोड़ रूपये

**भोपाल ब्यूरो।** धार जिले के धामनोद नगर परिषद में एशियन डेवलपमेंट बैंक की वित्तीय सहायता से 81 करोड़ 42 लाख रूपये की लागत से एक व्यापक सीवरेज योजना का कार्य प्रगति पर है। इस योजना के अंतर्गत नगर की सीवरेज व्यवस्था को वैज्ञानिक एवं टिकाऊ तरीके से विकसित किया जा रहा है, जिसमें 6.68 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट होगा। यह प्लांट 80.67 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क का होगा। इसमें एक मुख्य पंपिंग स्टेशन, दो मध्यवर्ती पंपिंग स्टेशन तथा 3 हजार 379 घरेलू सीवरेज कनेक्शन



सम्मिलित हैं। धामनोद नगर परिषद की यह योजना मई 2023 को आरंभ हुई थी और सितंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में योजना की भौतिक प्रगति 55.60त्न तथा वित्तीय प्रगति 45.60त्न तक पहुँच चुकी है, जो कि निर्धारित समय सीमा के अनुसार संतोषजनक है। इस योजना के अंतर्गत जैसे ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और नेटवर्क का कार्य पूर्ण होगा, मलजल का प्रभावी उपचार किया जाएगा।

# फूलबाग से किला गेट रोड को किया साफ

**ग्वालियर। कांस** ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत फूलबाग से किला गेट तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत फूलबाग से किला गेट तक रोड पर सभी दुकानदारों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा ना जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया तथा अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। निगम अमले ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ ही वहाँ उपस्थित जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न

## औद्योगिक आस्थान ख्यामई में 104 में से 93 भूखंडों का हुआ आवंटन



**अलीगढ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ताला नगरी औद्योगिक क्षेत्र के लिए 132 केवीए उपकेंद्र की स्थापना, न्यू दाऊद खॉ रेलवे स्टेशन पर बने एक्सपोर्ट टर्मिनल को आगरा-अलीगढ़ हाईवे से जोड़े जाने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति बनी। उपायुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने अवगत कराया गया कि न्यू दाऊद खॉ रेलवे स्टेशन पर बने एक्सपोर्ट टर्मिनल को आगरा-अलीगढ़ स्टेट हाईवे से जोड़े जाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है जिसे जिलाधिकारी द्वारा लॉजिस्टिक हब योजना अंतर्गत प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। उद्योग बन्धु बैठक में मुख्य रूप से तहसील गभाना के ग्राम ख्यामई में विकसित नवीन औद्योगिक स्थान के औद्योगिक भूखंडों के आवंटन पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त उद्योग बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार औद्योगिक क्षेत्र में भूखंडों का आवंटन भारत सरकार के जेम पोर्टल पर फारवर्ड ऑक्शन के माध्यम से जिलाधिकारी सर्किल रेट को आरक्षित दर मानते हुए किया गया है। उन्होंने बताया कि 104 भूखंडों में 10 भूखंड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थे। बिड के माध्यम से 241 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 180 आवेदक पात्र पाए गए। 180 आवेदक में 133 आवेदकों द्वारा विभिन्न भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन बोली लगाई गई जिसमें अंतिम रूप से 94 भूखंडों का आवंटन प्राप्त हुआ। जिसमें एक भूखंड पर सामान्य जाति के आवेदक द्वारा आवेदन करने किंतु भूखंड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पाए जाने की स्थिति में समिति द्वारा उक्त आवंटन को निरस्त करने की संस्तुति पोर्टल पर किए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। शेष भूखंडों के आवंटन पर सदन द्वारा संस्तुति की गयी। जिलाधिकारी ने सभी आवंटियों को बधाई देते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि औद्योगिक आस्थान ख्यामई को सोमना से जोड़ने वाली सड़क, चण्डौस विद्युत सब स्टेशन से ख्यामई तक आने वाली पृथक विद्युत लाइन का प्रस्ताव और अन्य अवस्थापना सुविधाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कर आवंटन पाए गए उद्यमियों का पूर्ण सहयोग करते हुए शीघ्र इकाइयों की स्थापना सुनिश्चित कराई जाए। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि बताया कि औद्योगिक आस्थान ख्यामई में सभी इकाइयों की स्थापना से जिले में लगभग 5000 करोड़ का निवेश प्राप्त होगा जिससे वृहद स्तर पर रोजगार सृजन होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट, पुलिस अधीक्षक, सहायक आयुक्त श्रम शेर सिंह, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा सीमा सिंह, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर सहित सभी विभागीय अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि व औद्योगिक आस्थान ख्यामई के आवंटी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत किरना में समाधान शिविर का किया गया आयोजन, कुल 10 हजार 743 आवेदनों का निराकरण

## राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा हुए शामिल, कहा सुशासन तिहार में जनता की समस्याओं का हो रहा है निराकरण

**रायपुर,**



सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत किरना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। समाधान शिविर में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने हेतु समाधान शिविर किया जा रहा है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत की सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा एवं श्रीमती शैल साहू, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन भी उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर के तहत कुल 10 हजार 743 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सभी का निराकरण कर दिया गया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954